CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :35°C न्यूनतम: 26°C

सेंसेक्स: 81,118.60 24,718.60

सोना: 1,03,000 चांदी: 1,10,000

मुजफ्फरनगर, सोमवार 16 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 154 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अगले साल नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा भारत: शाह**

विस्तृत खबर देश-प्रदेश पर



**इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर क्रैश, सात लोगों की मौत

## बाबा केदारनाथ के दर्शन करके लौट रहे थे छह श्रद्धालु, दो मृतक बिजनौर निवासी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को वापस ला रहा था कि मौसम खराब होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक 23 महीने की बच्ची भी शामिल है।

श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि रविवार सुबह करीब 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/ बीईएलएल 407 गौरीकुंड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। दुर्घटना की वजह खराब मौसम है। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने इसके दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी थी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रातः 5:21 बजे गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था एवं 5:24 बजे इसे वेली प्वाइंट के पास देखा गया। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। 6:13 बजे हेलीकॉप्टर के गुप्तकाशी न पहुंचने की जानकारी हेलीकॉप्टर कंपनी -शेष पृष्ठ दो पर



### चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा सोमवार तक बंद उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रचलित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धामों की यात्रा के लिए आगामी सोमवार तक हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान चारधाम में लगे सभी हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुनः हेलीकॉप्टर सेवा को सुचारू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने आवास में हुई बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में अब हेलीकॉप्टर उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली ऑपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। मुख्यमंत्री ने सचिव, गृह की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्चस्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

### विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा हादसे की जांच

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। एक जानकारी में बताया गया कि एहतियाती उपाय के रूप में डीजीसीए ने पहले ही चार धाम तक हेलीकॉप्टर संचालन की आवृत्ति को कम कर दिया है, बढ़ी हुई निगरानी कर रहा है और आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन की समीक्षा कर रहा है। दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सख्त SOP बनाने के निर्देश

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए जो हेलीकॉप्टर संचालन की सभी तकनीकी एवं सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के साथ ही आज के हेलीकॉप्टर दुर्घटना की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी।

### केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, आर्यन एविएशन का परिचालन स्थगित, दो पायलटों के लाइसेंस निलंबित

**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम के समीप रविवार सुबह एक बड़े हेलीकॉप्टर हादसे के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संचालन को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, डीजीसीए ने ट्रांसभारत एविएशन के दो पायलटों के लाइसेंस भी छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिए हैं। इस हादसे के बाद नागर विमानन मंत्रालय ने चार धाम क्षेत्र में हेलीकॉप्टर परिचालन पर सख्त नजर रखने के लिए तत्काल कदम उठाए हैं। डीजीसीए ने कहा है कि हेलीकॉप्टर गतिविधियों की निगरानी के लिए अफसरों को केदारनाथ घाटी में तैनात किया जाएगा। साथ ही, यूसीएडीए कमांड-एंड-कंट्रोल रूम के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से चार धाम यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था और मौसम की स्थिति में उड़ानों की अनुमति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मथुराः खुदाई के दौरान गिरे छह मकान, 12 से ज्यादा जिंदा दबे, तीन की मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उप्र के मथुरा में एक साथ 6 मकानों के भरभराकर गिरने का मामला सामने आया है। मलबे के नीचे दबने से 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए बताए जा रहे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अचानक मकानों के गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां बाड़े में (खुली भूमि) जेसीबी से खुदाई चल रही थी। इस दौरान यह हादसा हो गया। यह मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र की है, यहां कच्ची सड़क पर बने 6 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। यह मकान कच्चे टीले पर बने हुए थे। मकान गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर करीब 12 बजे ये हादसा हुआ। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला


**■ चार लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया**

गया है। अभी भी 10-12 लोगों के दबे होने की खबर है। मलबे मे दबे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची हैं। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमी) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धंसी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। वहीं पुलिस लोगों से पूछताछ कर घटने की जांच में जुट गई है।

# अहमदाबाद प्लेन हादसाः विजय रूपाणी के शव ही हुई पहचान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है।

रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिये सिक्योरिटी के साथ -शेष पृष्ठ दो पर



**■ राजकोट में आज होगा पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार**
**■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त, 20 परिजन को सौंपे**

### वायुसेना को जून के आखिर में तेजस एमके1ए मिलेगा

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपये में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से मिलने वाले इंजन एफ404 आईएन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई। एचएएल सूत्रों के अनुसार, इस मार्च से नए इंजन मिलने शुरू हो गए हैं। इस साल के आखिर तक वायुसेना को 12 तेजस एमके 1ए विमान सौंप दिए जाएंगे।

### मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे

**साइप्रस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे, जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लार्नाका अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर श्री मोदी 15-16 जून को यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि साइप्रस में पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष भाव के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स को मैंने आभार व्यक्त किया है। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि साझा मूल्यों और आकांक्षाओं से युक्त एक विश्वसनीय साझीदारी।

### जी-7 में आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। श्री मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि आज, मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाऊंगा।

# यूपी-गुजरात में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं।

कोटा में आंधी-बारिश से मकान का छज्जा गिर गया। हादसे में 17 लोग घायल हो गए। वहीं, जयपुर के जमवारामगढ़ में आंधी के कारण बाइक सवार पर बिजली का पोल गिर गया। व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में शनिवार देर शाम हुई बारिश के कारण सिद्धार्थनगर

**■ दिल्ली-एनसीआर में बारिश, 100 किमी प्रतिघंटा स्पीड से हवा चली**

और हमीरपुर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने रविवार को 18 जिलों में लू और 47 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

### पश्चिम बंगाल में बीएसएफ जवान ने सीनियर की हत्या की

**मुर्शिदाबाद।** प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक कैंप में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने सीनियर की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार रात करीब 10:30 बजे धुलियान में बीएसएफ कैंप में हुई। कॉन्स्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने सीनियर हेड कॉन्स्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों जवान बीएसएफ की एक यूनिट में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था।

# पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा

## स्थानीय विधायक का दावाः छह लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। इसमें 25-30 लोगों के बह जाने की आशंका है।

विधायक सुनील शेलके ने बताया कि अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30



**25-30 लोगों के बहने की आशंका**

किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा ब्रिटिश लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायुसेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उड़ान भरी थी, लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

# पहलगाम हमले का खौफ बरकरार, 90% पर्यटकों ने मुंह मोड़ा

पहलगाम, वार्ता

**दक्षिण कश्मीर के** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं।

हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे



**■ घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ, 90 प्रतिशत होटल बुकिंग रद्द, बाजार सुनसान**

'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें। गुजरात से आए एक पर्यटक दल की सदस्य गीतिका कहती हैं कि मैं तीन साल पहले भी यहां आई थी, तब भीड़ उमड़ी रहती थी। आज ऐसा लग रहा है मानो यह वो पहलगाम ही नहीं है। होटल भी लगभग खाली हैं, रेस्टोरेंट बंद पड़े हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई डर नहीं लगा। लोगों को यहां आना चाहिए और कश्मीर के लोगों का साथ देना चाहिए।

# घबराए तुर्की ने पल्ला झाड़ा

**अहमदाबाद।** तुर्की ने रविवार को अहमदाबाद प्लेन क्रैश में टर्किश टेक्निक कंपनी पर लगाए आरोप को नकार दिया।

तुर्की सरकार ने कहा कि कंपनी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का मेंटेनेंस नहीं करती है। तुर्की के डायरेक्टरेट ऑफ कम्युनिकेशन सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन ने कहा कि यह दावा बिल्कुल गलत है कि हमारे देश की कंपनी ने क्रैश प्लेन का मेंटेनेंस किया था। भारत-तुर्की के संबंधों को खराब करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। दरअसल 14 जून को बाबा

**■ कहाः अहमदाबाद हादसे में हमारी कंपनी का लेना-देना नहीं**

रामदेव ने कहा था कि मुझे ये पता चला है कि तुर्की की एक एजेंसी विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है। कहीं तुर्की ने तो इसके जरिये दुश्मनी तो नहीं निकाली। उधर विपक्ष भी इस हादसे पर साजिश की आशंका जता रहा है। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून की दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया था।

# उत्तर प्रदेश पुलिस सामाजिक विश्वास की प्रतीक : योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 2017 से पहले यूपी में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार था: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को सामाजिक विश्वास का प्रतीक बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जो अब बीते जमाने की बात हो चुका है।

यूपी पुलिस में 60 हजार 244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि महाकुंभ में पुलिस की भूमिका एक मिसाल थी। प्रयागराज आने वाले हर इंसान ने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। अगर हम वहां कर सकते हैं, तो हर जगह कर सकते हैं। पुलिस बल केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। हमने संविधान प्रदत्त आरक्षण का पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया को मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। प्रदेश में भर्तियों में दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है। यूपी पुलिस में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल ने नए भारत के रूप में प्रत्एक भारतीय के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ

इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है। अब वह भी सिपाही बनकर प्रदेश की जनता की सेवा में योगदान दे पाएगा। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्मार्ट पुलिसिंग' के सूत्र स्ट्रिक्ट एंड सेंसटिव, मॉर्डन एंड मोबाइल, अलर्ट एवं अकाउंटिबल, रिलायबल एंड रिस्पॉन्सिबल और टैक्नो सैवी एंड ट्रेंड का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने इन सिद्धांतों को जमीनी हकीकत बना दिया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में जब हमने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, तब केंद्री गृह मंत्री ने पैरामिलिट्री और मिलिट्री ट्रेनिंग संसाधन उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

# यूपी में बदला मौसम का मिजाज

## पश्चिमी उप्र के कई जिलों में कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 17 से पूर्वी और 19 जून से वेस्ट यूपी में बारिश के आसार

**लखनऊ।** यूपी के मौसम में मामूली बदलाव हुआ है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में रविवार को कुछ घंटों तक भारी बारिश हुई, वहीं राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी और अवध के कई जिलों में सुबह से तीखी धूप निकलने के बजाय हल्के बादल छाए रहे। सुबह से चलने वाली गर्म हवा का भी प्रकोप कम हुआ है।

मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार हैं। तभी कुछ राहत की मिलेगी। इस बीच रविवार से अगले पांच दिन तक प्रदेश में लू नहीं चलने का अनुमान है। इससे भी तपिश से थोड़ा सुकून मिलने की उम्मीद है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में पुरवा हवाएं चलेंगी। इससे 15 जून से छिटपुट बूंदाबांदी का दौर शुरू होगा। फिर 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में भारी बारिश के आसार हैं। तराई इलाकों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पड़ रही उमस भरी गर्मी अगले 1-2 दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। रविवार से लू की स्थिति प्रदेश में कमजोर होगी। प्रदेश में शनिवार को प्रयागराज 45 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं बांदा में 44.8, कानपुर में 44.9, वाराणसी में 43, आगरा में 43.6, सुल्तानपुर में 42.6, लखनऊ में 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बहराइच, बरेली, झांसी और गोरखपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार पुरवा हवा के चलते बुंदेलखंड में शनिवार को तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना मामलों में गिरावट, 10 और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नए संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आयी, हालांकि केरल का कुल मामले सबसे ज्यादा 2007 है। सरकारी वेबसाइट के अनुसार पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुड्डुचेरी और त्रिपुरा में कोविड-19 नए मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। इस वायरस से दिल्ली में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें 57 वर्ष की एक महिला, 83 वर्षीय महिला और 57 वर्षीय पुरुष शामिल हैं।

### आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारूढ़ नेकां से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू- कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया है। उन्होंने विश्वास, जनता के कल्याण और समग्र विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मलिक ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं मेहराज मलिक, डोडा से विधायक सरकार गठबंधन में नेकां से अपना समर्थन वापस लेता हूं। उन्होंने आगे लिखा, यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज, वार्ता**

उप्र में प्रयागराज के बारा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से दो नाबालिग बालिकाओं सहित एक ही परिवार के चार लोगों और एक अन्य की जलकर मृत्यु हो गई।

बारा तहसीलदार कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार यमुनागर के बारा तहसील क्षेत्र में सोनबरसा गांव निवासी वीरेंद्र वनवासी, पत्नी पार्वती और दो बेटियों राधा (3) एवं करिश्मा (2) कच्चे मकान में रहते थे। आंधी तूफान के बीच आकाशीय बिजली गिरने से छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई, तब तक एक ही परिवार के चारों सदस्यों की जिदा जलने से मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि मृतक वीरेंद्र के परिवार में माता-पिता और उसकी दो पुत्रियां सोन कुमारी (10) और आंचल (08) हैं। दोनों बच्चियां अपने दादा-दादी के साथ दूसरे मकान में रहती है। दैवीय आपदा के अन्तर्गत देय सहायता धनराशि उपलब्ध कराए जाने के लिए पुत्रियों का आधार कार्ड बनवाकर बैंक खाता खुलवाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त उसी रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र के तहसील बारा निवासी अक्षय कुमार (30) की भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।

### अमेठी में भीषण सड़क हादसा, पांच मरे, एक घायल

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शव लेकर जा रही एक एंबुलेंस एक वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 59 के नजदीक आज तड़के यह हादसा उस समय हुआ, जब शव लेकर हरियाणा से बिहार जा रही तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चालक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री का दावा

# अगले साल नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा भारत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा- देश के 11 राज्यों में फैला हुआ नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है

■ भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किए

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।

लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिस बल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया।

### यूपी अब दंगामुक्त हो चुका है: अमित शाह

सीएम योगी ने औद्योगिक विकास, शिक्षा, कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, बिजली और नल से जल जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर एक परिवर्तन कारी युग की शुरुआत की है। शाह ने जोर देकर कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया और कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे कि कैमरे, कंट्रोल रूम, कमांड सेंटर, पीसीआर वैन और 150 से अधिक ऑन-व्हील फॉरेंसिक साइंस लैब वैन ने इस प्रक्रिया को और निष्पक्ष बनाया है। शाह ने दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया न केवल पारदर्शी थी, बल्कि इसमें हर वर्ग और क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की भी चर्चा की। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा।

## अर्थ व्यापार

# भू-राजनीतिक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई, वार्ता**



इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुरुआत में बाजार में तेजी रही, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गई, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है। स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 696.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 06 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 6 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 587.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें हुई महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1620 रुपए प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि मांग निकालने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 18 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.2 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 48-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य सभी खाद्य तेलों के भाव गिर गए। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1629 रुपए और वनस्पति तेल 1318 रुपए रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16666 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15604 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13773 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12666 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14433 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 और उड़द दाल 100 दाल रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600- 9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गौरीकुंड में...** द्वारा दी गई। इसके पश्चात तत्काल कार्रवाई करते हुए खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को सक्रिय किया गया। जिसमें जिला आपदा मोचन बल की टीम के साथ एसडीआरएफ की छह टीमें, एनडीआरएफ की आठ टीमें और 22 पुलिसकर्मी शामिल थे। ये सभी राहत एवं बचाव दल घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे जहां तलाश और बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल गए हैं। श्री रजवार ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। जिनमें पायलट सहित छह वयस्क और एक बच्चा हैं। सभी की हादसे में मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान कैप्टन राजबीर सिंह चौहान, पायलट, निवासी जयपुर, विक्रम रावत, कर्मचारी, बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति, निवासी रासी ऊखीमठ, (45), विनोद देवी, निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (66), तृष्टि सिंह बिजनौर, उत्तर प्रदेश, (19), राजकुमार पुत्र सुरेश जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (41), श्रद्धा पत्नी राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, (35) , काशी पुत्री राजकुमार, निवासी महाराष्ट्र, बालिका (2) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। फॉरेंसिक टीम तथा डीएनए सैंपलिंग टीम भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। श्री रजवार ने बताया कि प्रभावितों के परिवार के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं। इसके लिए राज्य आपातकालीन प्रचालन केन्द्र 0135-2710334, 9058441404 1070 (टोल फ्री) तथा रुद्रप्रयाग हेल्पलाइन नम्बर- 8958757335, 01364-233727 जारी किए गए हैं।

**अहमदाबाद प्लेन हादसा...** शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन रविवार को अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक अलग टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, पुलिसकर्मी और एक पेशेवर काउंसलर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान एआई171 उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 लोग सवार थे, जिसमें से 230 यात्री एवं 12 चालक दल के सदस्य थे। इस हादसे में मात्र एक व्यक्ति ही जीवित बचा है।

**पुणे में...** समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। इससे पहले गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। लेकिन बाकी लोग बच नहीं सके थे।

# कार्यस्थल में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया



असंगठित क्षेत्र की कामकाजी महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा के मुद्दे को लेकर रविवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई इस परिचर्चा में महिला अधिकारों से संबंधित आठ संस्थाओं की 32 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

परिचर्चा का आयोजन महिला अधिकारों से जुड़े स्वयंसेवी संगठन 'पारदर्शिता' ने किया गया। परिचर्चा में मुख्य तौर पर घरों में काम करने वाली महिलाओं को अधिकारों को लेकर विचार विमर्श किया गया। उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) कानून, 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। परिचर्चा में कहा गया कि सुरक्षित कार्यस्थल प्रत्एक कामकाजी महिला का मौलिक अधिकार है और सरकार को इस संबंध मे ठोस पहल करनी चाहिए। कानून के तहत सभी जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन एवं नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। इस दौरान महिला अधिकारों और सुरक्षा पर दिल्ली में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से भी अवगत कराया गया। परिचर्चा में निर्माण मजदूर अधिकार अभियान के थानेश्वर दयाल आदिगौड़, घरेलू कामकाजी महिला संगठन की रेखा सिंह, बाल विकास धारा के विकास पाठक और दिल्ली वेस्ट वर्कर्स फेडरेशन के शंभुनाथ ने भाग लिया। इसके बाद बाल विकास धारा ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़ा बीनने वाले लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इसमें कूड़ा बीनने वाले लगभग 30 लोगों ने भाग लिया। इन लोगों को 'सम्मानित मजदूर, सुरक्षित भविष्य' अभियान के अंतर्गत नमस्ते योजन, ई- श्रम पंजीकरण, आभा कार्ड जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बड़े भाई ने बहन को फावड़ा मारकर मौत के घाट उतारा

**■ ग्रामीणों ने शव जलाया, पुलिस ने किए अवशेष बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** बडे भाई ने किसी बात को लेकर अपनी छोटी सगी बहन के सिर में फावडे के जोरदार दो प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए कुछ ग्रामीणों के साथ हत्यारे ने मारपीट और गाली गलौज की और फरार हो गया। उधर ग्रामीणों ने आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया तो सूचना पर मौके पर गयी पुलिस ने श्मशान घाट में पहुंचकर शव के अवशेष बरामद कर अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अंतिम संस्कार में शामिल कई ग्रामीणों को हिरासत में लेकर उक्त हत्यारे की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उकावली निवासी अर्जुन पाल पुत्र कृष्ण बीती देर शाम शराब पीकर गांव में इधर उधर घूम रहा था। जब वह रात लगभग 08 बजे अपने घर पहुंचा तो उसकी 23 वर्षीया बहन निधि उर्फ लाल्ली खाना बना रही थी। तब किसी बात पर गुस्से मे अर्जुन ने पास में पडी गोबर हटाने की खटफावडी को उठाकर दो बार अपनी बहन के सिर में मारकर उसको मौके पर ही मौत के घाट उतार दिया। वृद्ध पिता और मां ने हत्यारे का विरोध किया लेकिन वे उसे रोकने में कामयाब नहीं हुए। शोर शराबा सुनकर जैसे ही मौके पर कुछ ग्रामीण आए तो हत्यारे ने उनके साथ मारपीट की। कुछ देर बाद आरोपी फरार हो गया तो कुछ ग्रामीणों ने बुढाना पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना उकावली पुलिस चौकी के प्रभारी को दी तो उन्होंने घटना की सूचना अपने उच्च अधिकारियों को देते हुए श्मशान घाट की और दौड लगा दी। कुछ ही देर बाद मौके पर बुढाना एसएसआई ललित शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र और सीओ गजेंद्र पाल सिंह दल बल सहित आ गये और उन्होंने जलती चिता से शव के अवशेष निकालकर अपने कब्जे में करते हुए अवशेष पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोगों में से 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी।

### जिस बहन के खून का प्यासा बना भाई, उसी के बच्चे पाले

**बुढाना।** हत्यारे अर्जुन पाल की पत्नि की किसी बीमारी के चलते विगत वर्ष मौत हो गयी थी तो अर्जुन परेशान सा रहने लगा था। अर्जुन के दो बच्चे हैं।

जिनका पालन पोषण उसकी बहन निधि पाल ही कर रही थी जिसका कत्ल बीती रात अर्जुन पाल ने किया है। मृतका निधि पाल अविवाहिता थी।

## हत्या के साक्ष्य मिटाने वाले चाचा भतीजे गिरफ्तार

### शराब पीने से रोकने को लेकर हुए विवाद के बाद उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** पारिवारिक विवाद में भाई द्वारा की गयी बहन की हत्या के साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को जलाने वाले पिता और चचेरे भाई को बुढाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावडा और मृतका का दुपटा बरामद किया है। बीती रात्रि मे बुढाना पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम उकावली मे एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी सगी बहन की सिर पर फावडा मारकर हत्या कर दी है और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से अपने परिजनो व अन्य लोगो की मदद से मृतका के शव को गाव के शमशान मे ले जाकर शव को जला दिया। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर अधजले शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम व डीएनए के लिये भेजा गया। बीट आरक्षी की तरफ से प्राप्त तहरीर के आधार पर बुढाना कोतवाली में मृतका के भाई, पिता व चचेरे भाई सहित गांव के अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। तब पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी चाचा भतीजे कृष्ण पुत्र मांगेराम और सौरभ पुत्र सुरेशपाल निवासीगण ग्राम उकावली को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर युवती की हत्या में प्रयुक्त फावडा व मृतका का दुपटा भी बरामद कर लिया और फरार मुख्य अभियुक्त अर्जुन व अन्य की तलाश शुरु कर दी। पुलिस के अनुसार बीती रात अर्जुन शराब पीकर घर आया। जिसका उसकी बहन द्वारा विरोध किया गया। इस बात पर अभियुक्त अर्जुन द्वारा अपनी बहन के सिर पर फावडे से वार किया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। इसके उपरान्त अर्जुन मौके से फरार हो गया तथा मृतका के पिता, चचेरे भाई व अन्य लोगों द्वारा साक्ष्य छुपाने के आश्य से जंगल में ले जाकर मृतका के शव को जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया। जिसकी सूचना पुलिस को प्राप्त हुई तथा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर अधजले शव को निकाला गया। इसमें आरोपियों को पकडने में अहम भूमिका कोतवाल आनंद देव मिश्र व उनकी टीम ने निभाई।

### आज जानी थी बारात, हादसे में हुआ गम्भीर घायल

**मुजफ्फरनगर।** सडक हादसे में तीन घायल हो गए। गम्भीर रूप से घायल युवक की आज बारात जानी थी। जिसको लेकर खुशी के माहौल में भंग पड गई। गांव रसूलपुर दभेडी निवासी युवक शाकिब पुत्र इद्दू अपने भाई नौशाद व बहन कल्लो के साथ बाइक पर सवार होकर बुढाना आ रहा था। खतौली मोड से निकलते ही उनकी बाइक एक रोडवेज बस की चपेट में आ गई, जिसमें बाइक सवार तीनों भाई-बहन घायल हो गए। चालक रोडवेज बस को बीच सडक पर छोडकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और बस को अपने कब्जे में ले लिया। सीएचसी से शाकिब की गम्भीर हालत को देखते हुए मेरठ के लिए रेफर कर दिया। गम्भीर घायल शाकिब की सोमवार को बारात कस्बा खिवाई जिला मेरठ जानी थी।

## नफीस अंसारी गैंग के चर्चित नईम धोबी समेत दो बंदियों की मौत

**■ शामली के बंदी माशूक अली की भी बीमारी के चलते गई जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला कारागार में बंद नफीस अंसारी कालिया गैंग से जुडे शातिर गैंगस्टर नईम धोबी रविवार को मौत हो गई। गैंगस्टर के मामले में दो साल से जेल में बंद था। इसके अलावा शामली के बंदी माश.ूक अली की भी हृदय गति रूकने से मौत हो गई।

शहर के खालापार निवासी नईम धोबी लम्बे समय से गैंगस्टर के मामले में जेल में बंद था। हार्ट की प्रोब्लम के चलते नईम धोबी को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने बताया कि शामली जनपद के थानाभवन के गांव हिंड निवासी बंदी माशूक अली हत्या के मामले में मई 2022 से जिला कारागार में बंद था।

पिछले तीन महीने से वह लगातार बीमार चल रहा था। उसे उपचार के लिए मेरठ व दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भेजा गया था। 5 जून को सफदरजंग अस्पताल से उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। उसके बाद उसका जेल के अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार को हालत बिगडध्ने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं खालापार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कस्सावान निवासी नईम धोबी गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट के मामले में अक्टूबर 2023 से बंद था। कुछ दिन पूर्व हार्ट की समस्या होने पर उसे मेरठ मेडिकल भेजा गया था। जहां उसे तीन स्टंट डलवाए गए थे। उपचार के बाद शनिवार को उसे डिस्चार्ज कर जिला कारागार भेज दिया था। अचानक रविवार को हालत बिगडने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।



मोरना: बिहारगढ में तेज आंधी तूफान से गरीब मजदूर के मकान पर गिरा पेड़ व विद्युत पोल।

## जिला अस्पताल के नजदीक धार्मिक स्थल से लाउडस्पीकर हटवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएम के निर्देश पर जिला महिला अस्पताल के पास स्थित मस्जिद से लाउडस्पीकर हटा दिए।

मस्जिद से होने वाली तेज आवाज में अजान से अस्पताल में भर्ती मरीजों को परेशानी हो रही थी। खासकर नवजात बच्चों और प्रसूता महिलाओं को इससे दिक्कत का सामना करना पड रहा था। अस्पताल कर्मचारियों और मरीजों के परिजनों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई थी।

शनिवार को हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो भेजा। हिंदू संघर्ष समिति के नरेंद्र पंवार ने भी डीएम से शिकायत की। रविवार शाम करीब 4 बजे जिला.धिकारी ने पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और मस्जिद प्रबंधन से बातचीत की। इसके बाद शांतिपूर्ण तरीके से लाउडस्पीकर हटा दिए गए। यह कार्रवाई मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई।

## काली घटा छाई, हवा से साफ हुआ आसमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गर्मी व उमस ने इन दिनों कहर बरपा रखा है। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। तेज धूप शरीर को झुलसाने का काम कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी व उमस से अभी राहत मिलना संभव नहीं है, हालांकि बारिश पडने की भी आशंका जताई जा रही है, लेकिन ये घोषणा महज हवाई साबित हो रही है।

रविवार की सवेरे अचानक मौसम ने करवट ली और काली घटा छा गई सबकी नजरें आसमान की तरफ लगी रही कि बारिश हो और गर्मी से राहत मिले, लेकिन तेज हवाओं ने कुछ ही देर में आसमान साफ कर दिया बदरा कहीं और जाकर बरस गए। एक बार फिर बारिश की संभावना फेल हो गई दोपहर के समय निकली चिलचिलाती धूप ने शरीर को झुलसाने का काम किया। जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है, लेकिन बारिश न होने से हाहाकार मचा हुआ है। बाजारों में भी सन्नाटा सा पसरा हुआ है, दोपहर के समय लोग सिर व मुंह को ढककर हीअपने काम के लिए निकल रहे हैं। शाम के समय ही बाजारों में ग्राहक नजर आते है।रात को भी उमस जारी रहने से लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो रही है, एसी व कूलर भी ठीक से काम नही कर रहे हैं वहीं बिजली की लो वोल्टेज भी लोगों को रुला रही है।

## शुकतीर्थ में बारिश व तूफान ने मचाई तबाही, पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप

### जगह-जगह पेड़ गिरने से घंटों यातायात बाधित रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तेज बारिश के बीच आए आंधी तूफान से शुकतीर्थ क्षेत्र में पेडों के गिरने से यातायात प्रभावित हो गया जबकि जगह जगह विद्युत पोल गिरने से विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई। वहीं गांव बिहारगढ में पेड व खम्भा मकान पर गिरने से दीवार गिर गई तथा पशुओं को भी नुकसान हुआ है।

रविवार की सुबह भारी बारिश के साथ आए आंधी तूफान से शुकतीर्थ, इलाहाबास, बिहारगढ, फिरोजपुर में कई स्थानों पर पेड टूटकर बिजली के खम्भों व विद्युत लाईन पर जा गिरे, जिससे घंटों यातायात बाधित रहा व विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर पहुंचे विद्युतकर्मी विद्युत लाईन की मरम्मत कर आपूर्ति चालू करने में लगे रहे।

वहीं गांव बिहारगढ में बुद्धसिंह के मकान पर यूकेलिप्टिस का पेड व विद्युत पोल जा गिरे, जिससे उसके मकान की छत धडाम से नीचे आ गिरी तथा वहीं पर बंधे हुए पशु भी गम्भीर रूप से घायल हो गये। गरीब परिवार को आंधी तूफान से भारी आर्थिक हानि हुई है। ग्रामीणों ने गरीब परिवार की आर्थिक सहायता करने की गुहार प्रशासन से लगाई है।

वहीं शुकतीर्थ में शुकदेव सिटी के पास, घंटी पर, दंडी आश्रम के पास, रामानुज कोटि आश्रम के पास सहित कई स्थानों पर पेड गिरने से यातायात बाधित रहा। वन ने कडी मशक्कत के बाद रास्तों से पेडों को हटवाकर यातायात चालू कराया। उधर विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को लेकर देर रात तक लाईनों को दुरूस्त कराने में लगे रहे।

## पुलिसभर्ती परीक्षा: जिले के1314 नौजवान हुए कामयाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नती बोर्ड द्वारा 60244 पदों पर पुलिस आरक्षी भर्ती -2023 भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शु.िचतापूर्ण तरीके से सम्पन्न करायी गयी थी जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर के 1314 अभ्यर्थियों द्वारा सफलता प्राप्त की गयी थी।

कल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के चयनित अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाँए देते हुए नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लखनऊ रवाना किया गया था।आज गृहमन्त्री भारत सरकार अमित शाह एवं मुख्यमन्त्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ती पत्रों का वितरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के सभी थानों व रिजर्व पुलिस लाईन में किया गया।

रिजर्व पुलिस लाईन मुजफ्फरनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ सभागार में उक्त कार्यक्रम को देखा गया तथा सभी थानों में भी उक्त कार्यक्रम थाना प्रभारी द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ देखा गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, प्रतिसार निरीक्षक ऊदल सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिक.ारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### बीआईटी चेयरमैन ने की दो करोड़ की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने अपने पूज्य पिता. जी स्वर्गीय भगवंत सिंह की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम पाहुली स्थित भगवंत फार्म हाउस पर श्रद्धांजलि सभा एवं वार्षिक वैदिक हवन का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 2 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की, जिससे संस्थान में प्रवेश लेने वाले मेधावी छात्रों को लाभ मिलेगा।

डॉ. सिंह, जो मलेशिया में रहते हुए भी भारत सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में योगदान दे चुके हैं, अपने गांव और देश की जड़ों से आज भी गहराई से जुड़े हुए हैं।

## पुरकाजी नगर पंचायत के दो सालों की उपलब्धि की मैगज़ीन का प्रकाशन



### चेयरमैन जहीर ने की जनता को समर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत पुरकाजी जहीर फारूकी लगातार दूसरी बार निर्दलीय चेयरमैन पुरकाजी हैं इस कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर उन्होंने नगर पंचायत पुरकाजी के विकास कार्यों और सामाजिक कार्यों की फोटो ओर विवरण सहित मैगजीन जनता के लिए जारी की है जहीर फारुकी का कहना है कि सरकार द्वारा दिए गए धन से जनता द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि क्या और कैसे विकास कर रहा है यह जानने का पूरा अधिकार जनता को होता है इसलिए मैंने पिछले कार्यकाल में तीन मैगजीन छापकर जनता की अदालत में दी थी और इस कार्यकाल में 2 साल पूरे होने पर यह पहली मैगजीन जनता को समर्पित है पुरकाजी के सम्भ्रांत व्यापारियों और सम्मानित सभासदों के बीच मैगजीन का आज विमोचन किया गया पुरकाजी में घर घर विकास कार्यों की मैगजीन दी जाती है।

इस मौके पर समाजसेवी सुखपाल सिंह बेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्दोष जैन, संदीप गोयल, लाला नवीन गोयल, बिट्टू कपडे वाले, प्रताप सिंह, भाकियू व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, मनीष गोयल, अंकुर सिंघल, के साथ इस्तेखार उर्फ लल्ला, आजाद फरीदी, शाहआलम गौड, सुलेमान विकसित उर्फ विक्की, सावन, निसार अहमद, आलम कुरेशी, नदीम अहमद, सैय्याद अली, सभासदगण मौजूद रहे

## नीट परीक्षा में जूम इंस्टिट्यूट का डंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नीट परिणाम मे जूम का डंका विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नीट-2025 की परीक्षा में जूम इंस्टिट्यूट के दर्जनों छात्रों ने सफलता प्राप्त कर सरकारी कॉलेज में अपना दाखिला निश्चित कर लिया है। सफल छात्रों में गांधी इंटर कॉलेज चरथावल में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रहलाद सिंह की सुपुत्री रचना ने यूपी बोर्ड से अपनी बारहवी करने के बाद मेडिकल में अपनी सीट पक्की कर ली है। वही देवबंद के थोक दवा व्यापारी संदीप त्यागी के पुत्र अंश त्यागी ने भी अपनी बड़ी बहन अनु त्यागी की तरह एमबीबीएस के लिए चयनित होकर अपने पिता का सपना पूरा किया है। ग्राम धंधेड़ा निवासी किसान सुखबीर सिंह की पुत्री सिमरनदीप कौर और देवबंद की डॉक्टर शालिनी खुराना और डा.



रवि प्रकाश खुराना के सुपुत्र आरव खुराना का एमबीबीएस बनने का सपना इस साल पुरा होने जा रहा है। पुलिस विभाग में कार्यरत आबकारी रोड निवासी मनोज कुमार सिंह के सुपुत्र देव प्रताप सिंह भी अपने बड़े भाई तुषार की तरह से एमबीबीएस में अपना चयन पक्का कर लिया है जो जूम इंस्टिट्यूट पर पढाई कर 2017 मे सिलेक्ट हुए थे। इनके अलावा दूसरे अनेक छात्र जैसे ध्रुव अरोरा, मुस्कान, ललित कुमार, मो. हिका, सत्यांशु कुमार, देवांश सैनी, अबुजर आदि ने भी अच्छे नंबर लाकर सरकारी कॉलेज में अपना चयन पक्का कर लिया है। जूम इंस्टिट्यूट पर सफल छात्रों ने इकठे होकर अपनी सफलता का श्रेय परि.जनों और शिक्षकों को दिया। जूम इंस्टिट्यूट के सभी टीचर्स ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि अभी काउंसलिंग का प्रोग्राम करीब 2 महीने तक चलेगा जिसमें बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाएगा तो जो सिलेक्टेड बच्चे हैं वह यह मार्गदर्शन प्राप्त कर अच्छा कॉलेज प्राप्त कर सकते हैं।

## छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**मुजफ्फरनगर।** रुडकी रोड पर विश्वकर्मा समाज ने राज्य पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल के जन्मदिन पर छबील लगाकर मीठे ठंडे शरबत का आयोजन किया गया इस दौरान अति पिछडा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने कहा हे भीषण गर्मी में शरबत आदि का वितरण का राहगीरों को राहत पहुंचना एक सराहनीय कार्य है ओर हमें ऐसे कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि मानव सेवा ही असली नारायण सेवा है।





मुजफ्फरनगर: गुर्जर सदभावना सभा के कार्यक्रम में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

## गुर्जर सदभावना सभा ने दिए छात्रों को कैरियर बनाने के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुर्जर सद्भावना सभा के कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में अभिभावकों को छात्रों के कैरियर संबंधी टिप्स दिए गए।

रविवार को रामपुर तिराहा स्थित गुर्जर हॉस्टल में एम डी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से ओपी चौहान, समाजशास्त्री प्रोफेसर डाद्द कलम सिंह उच्च न्यायालय बिहार के पूर्व न्यायधीश सुनील पंवार, डाद्द श्री विनोद कुमार,रसायन शास्त्र, डॉक्ट्रेन्स कोचिंग्स मेरठ संचालक सुबोध कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, रचनात्मक लेखक अंशुल राठी ने सफलता का पाठ पढघया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाँधी पालिटेक्निक के पूर्व प्राचार्य रामपाल सिंह ने की। अभिषेक चौधरी ने कहा कि ष्पीपीटी के उपयोग ने प्रतिभागियों को जटिल जानकारी को आसानी से समझने में मदद की। हमारा लक्ष्य युवाओं को सूचित और आत्मविश्वास से भरे निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। युवाओं को टाइम मैनेजमेंट बनाकर अपनी पढाई को आगे बढाना चाहिए।

डा. विनोद कुमार, पीसीएस अधिकारी सुबोध कुमार, अंशुल राठी, पुष्पेंद्र कुमार, वेदपाल सिंह गुर्जर, देशराज चौहान, डॉ बिक्रम सिंह, मास्टर इच्छाराम, जसवीर चौहान, डॉ अशेष नागर मौजूद रहे।

# छत से गिरकर घायल हुए युवक की मौत

## परिजनों ने पुलिस चौकी पर पहुंचकर जताई अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे अपने परिचित के पास आए युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। तथा चौकी पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।

जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव सालारपुर निवासी 32 वर्षीय गोविंद भोकरहेडी स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। बीते 2 जून को वह भटे से कार्य करने के बाद मोरना में अपने परिचत के घर पहुंचा, जहां रात अधिक होने के कारण वह परिचित के घर पर ही ठहर गया। परिचत के अनुसार गोविन्द नशे की हालत मे और जिद कर छत पर सोने के लिए गया था। रात में उन्हें ऊपर से किसी के गिरने की आवाज आई तो उन्होंने उठकर देखा तो गोविंद जीने की सीढियों से नीचे गिर गया था। आनन फानन में घायल गोविंद को भोपा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गोविंद की मौत से परिवार में मातम छा गया।

रविवार को मोरना चौकी पहुंचे मृतक गोविंद के ताऊ फूलसिंह, धर्मपाल, यशपाल, पत्नी अंजु, साला विकास, अक्षय, जीजा अर्जुन व अन्य परिवारजनों ने कथित आरोपियों पर गोविंद को समय पर उचित उपचार न दिलाने व लापरवाही के आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मोरना मे एक व्यक्ति के छत से गिर जाने के बाद अस्पताल मे मौत का मामला संज्ञान मे आया है। घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कमल शर्मा ने की नीट की परीक्षा पास

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर शुगर मिल के पूर्व फैक्ट्री मैनेजर रविंद्र कुमार शर्मा के भांजे कमल शर्मा पुत्र मुकेश शर्मा निवासी मुजफ्फरनगर ने नीट की परीक्षा में 18846वी रैंक प्राप्त की है।

कमल शर्मा की नीट परीक्षा पास करने से मां सुनीता शर्मा तथा भाई लिटिल शर्मा सहित सभी रिश्तेदारों ने खुशी जाहिर की है।




# विद्युत विभाग का मेगा कैम्प 16 से 18 तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य अभियन्ता (वाणि.), प.वि.वि.नि.लि. मेरठ के कार्यालय पत्र. सं. 1834/प्र.नि./प.वि.वि.नि.लि.मे./वाणि./विवि/दिनांक 13.06.2025 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को अवगत कराना है कि विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत पर दिनांक 16.06.2025, 17.06.2025 एवं 18.06.2025 को विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-टाउनहॉल, मुजफ्फरनगर के कैम्पस में एक वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही स्थान पर उपभोक्ताओं के बिल संशोधन करने, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढाना, मीटर बदलना, विद्युत बिल जमा कराने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण किया जाऐगा।

अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार यादव ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं/आवेदकों से अनुरोध किया है कि अपनी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं /कठिनाईयों का निदान कराने हेतु उक्त कैम्प में पधारने का कष्ट करें। कैम्प का समय प्रातः 10:00 से शाम 05:00 बजे तक रहेगा।

## विद्युत उपकेंद्र खतौली में भी लगेगा शिविर

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत कार्यालय विद्युत वितरण खण्ड-ग्रामीण, मुजफ्फरनगर के परिसर में एवं विद्युत वितरण मण्डल द्वितीय, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र खतौली ग्रामीण के परिसर में दिनांक 16.06.2025, 17.06.2025 एवं 18.06.2025 को एक श्वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे एक ही स्थान पर उपभोक्ताओं के बिल संशोधन करने, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढाना, मीटर बदलना, विद्युत बिल जमा कराने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण किया जाऐगा। अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं/आवेदकों से अनुरोध किया है कि अपनी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं/कठिनाईयों का निदान कराने हेतु उक्त कैम्प में पधारने का कष्ट करें। कैम्प का समय प्रातः 10.00 से शाम 05:00 बजे तक रहेगा।

## आवारा कुत्तों ने बच्चे पर हमला कर किया घायल

**मीरापुर।** आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मोहल्ला मुश्तर्क में अपनी रिश्तेदारी में आये तीन वर्षीय बच्चे पर घर के बाहर खेलने के दौरान कुत्ते ने हमला कर दिया। हमले में घायल बच्चे का मेरठ में उपचार चल रहा है। नागरिकों ने आवारा कुत्ते को पकडवाने के लिए अभियान चलाने की मांग की है।

शामली निवासी गुलफाम अपने परिवार के साथ मीरापुर के मुहल्ला मुश्तर्क में हाजी बबलू मंसूरी के यहां रिश्तेदारी में आया था। इस दौरान गुलफाम घर के बाहर बैठा हुआ था तथा उसका तीन वर्षीय पुत्र रूहान सडक पर खेल रहा था, तभी वहां पर एक आवारा कुत्ता आ गया और रूहान के चेहरे पर हमला कर दिया।

इस दौरान गुलफाम ने दौडकर बच्चे को बचाया और कुत्ते को भगाया। हमले में रूहान घायल हो गया। जिसके बाद परिजन उसे चिकित्सक के पास लेकर गए तो चिकित्सक ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां पर उसके चेहरे पर कई टांके लगाए गए हैं।

बता दें कि उक्त घटना पास लगे हुए सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है। लोग इस वीडियों को देखकर उच्चाधिकारियों से आवारा कुत्तों को पकडवाने की मांग कर रहे हैं।



बुढ़ाना: आरक्षी अशफाक को सम्मानित करते एसएसपी।

## एसएसपी ने आरक्षी अशफाक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** गढी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कसाना, मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी अशफाक अहमद और आरक्षी गौरव कुमार को एसएसपी ने विगत दिवस केरल राज्य से एक युवती को बरामद करने की खुशी मे बेस्ट कॉप ऑफ द मन्थ पुरस्कार से सम्मानित किया है। बताया जाता है कि कोतवाली बुढाना क्षेत्र में विगत दिवस एक युवक के द्वारा दूसरे पक्ष की युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में उक्त युवती के परिजनों ने अपहरण का एक अभियोग बुढाना कोतवाली में दर्ज कराया था। जिसमें बुढाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता को अरूनाग पल्ली जिला कोल्लम केरल राज्य से बरामद कर लिया था। जिसमें बुढाना की गढी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कसाना, बुढाना कोतवाली में ही तैनात मुख्य आरक्षी मनोज कुमार, आरक्षी अशफाक अहमद और आरक्षी गौरव कुमार की भूमिका बहुत ही अच्छी रही थी। इसी को लेकर एसएसपी ने चारों पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढाया और कहा कि आप चारों के द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की में भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी आप इसी प्रकार से निष्ठापूर्वक अपने दायित्यो का भली-भांति निर्वहन करते रहेंगे। उनके सम्मानित होने पर जहां चारों पुलिसकर्मियों को उनके परिजनों ने फोन पर बधाई दी है वहीं पुलिसकर्मी भी चारों को मुबारकबाद दे रहे हैं।

# जिला पंचायत चेयरमैन ने देखा कांवड मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** आगामी काँवड यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए शिव भोलो के लिए यात्रा को सुगम बनाने के प्रयासों मे जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा खादर क्षेत्र के काँवड मार्ग का औपचारिक निरिक्षण किया गया व निर्माणधीन पुलियो के कार्य को शीघ्र सम्पन्न करने की हिदायत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो की गयी साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया।

मोरना-लकसर मार्ग पर स्थित मजलिसपुर तौफीर व महाराज नगर मे मार्ग का औपचारिक निरिक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा रविवार को किया गया। जहां ग्रामीणों ने मार्ग पर बन रही पुलियो के निर्माण कार्य को मानको के अनुरूप न होने कार्य बहुत धीमा होने तथा पुलियो के अधूरे पड़े कार्य से क्षेत्रवासियो को हो रही परेशानी से अवगत कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने बताया की जुलाई माह मे काँवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को शासन प्रशासन तैयारियो मे जुट गया है। मोरना लकसर मार्ग से भी शिवभक्त काँवड लेकर गुजरते हैँ। मजलिसपुर तौफीर व महाराजनगर मे दो पुलियो का निर्माण जारी है। कार्य को मानको के अनुरूप व शीघ्र पूरा करने को लेकर लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल राणा से बात की गयी। तथा मौके पर आये अवर अभियंता देवप्रकाश से कार्य के बारे मे जानकारी कर कार्य को एक सप्ताह मे पूर्ण करने को कहा गया है।इस दौरान ग्रामीणों ने बताया की अधूरे पड़े पुलियो के निर्माण से क्षेत्र वासियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़े वाहनो को पुरकाजी क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ रहा है। छोटे वाहन भी कीचड मे धंस रहे हैँ। जिला पंचायत अध्यक्ष से सभी समस्याओं के शीघ्र निवारण का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।



## योग सप्ताह का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 11 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह का शुभारंभ कमला नेहरू वाटिका नगर पालिका परिषद में हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल जी तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय मुजफ्फरनगर के द्वारा दीप प्रज्वलन कर योग कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उसके उपरांत प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट योग कार्यक्रम संपन्न हुआ तदोपरांत एक जागरूकता रैली कमला नेहरू वाटिका से मीनाक्षी चौक तक निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, योग नोडल अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक अयूब एव समस्त चिकित्साधिकारी व अन्य स्टाफ तथा आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योगपीठ, ब्रह्माकुमारी योग संस्था इत्यादि अनेक संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। आर्ट ऑफ लिविंग की सोनिया लूथरा में विभिन्न प्रकार की योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस उपलक्ष पर डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने बताया कि योग शरीर को मजबूत बनाता है मन को शांत करता है और दैनिक जीवन में व्यवस्थाओं के मध्य से समय निकालकर एक घंटा नित्य योग करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र में 11 दिसंबर 2014 को स्वीकार किया गया इसके बाद से 21 जून 2015 से प्रतिवर्ष इसे धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# एसडी मैनेजमेंट में योग दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा योग शिखर का साप्ताहिक आयोजन किया गया जिसमे प्रथम दिवस पर आज एक विचारोत्तेजक और ज्ञानवर्धक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय था विरासत से विकास: योग की भूमिका। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में किया गया था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन योग परंपरा को समझना और आधुनिक जीवन में इसकी उपयोगिता तथा भूमिका पर प्रकाश डालना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल, संयोजक डॉ. संगीता गुप्ता, मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित योगाचार्य डॉ. सविता वासिष्ठ, विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ-चढकर भाग लिया और अपने जिज्ञासु प्रश्नों के माध्यम से योग के विविध पक्षों पर चर्चा की। डॉ. शर्मा ने सभी प्रश्नों का समाधान सरल और सारगर्भित भाषा में प्रस्तुत किया, जिससे श्रोताओं को गहन बौद्धिक संतोष प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन लवी वर्मा ने प्रभावशाली ढंग से किया और पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया। अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संगीता गुप्ता ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्राचार्य, फैकल्टी सदस्यों और छात्रों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के भीतर अपनी संस्कृ ति के प्रति गर्व और आत्मीयता का भाव उत्पन्न होता है। उन्होंने यह भी बताया कि योग केवल एक भारतीय परंपरा नहीं, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और शांति का माध्यम बन चुका है।

इस आयोजन में बीबीए, बीसीए, बी. एस. सी (सी.एस) और अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि योग भारत की विरासत होने के साथ-साथ समग्र मानवता के विकास का माध्यम भी है। इस अवसर पर में ठठ। और ठब। विभागों के समस्त शिक्षकगण मोहम्मद अंजर, संजय, अभिषेक, सोनिका, पुर्वी, प्राची, दीपक गर्ग, चंदना दीक्षित, वैभव वत्स, देवेश भारद्वाज, निरंकार शर्मा, हर्षित गोयल, हीमान्शु शर्मा, मोहित गोयल, हर्षिता, अनुज गोयल, श्वेता, रोबिन मलिक, राहुल शर्मा प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बालियान आदि की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

## दिग्विजय नाथ होंगे नए परियोजना निदेशक

**मुजफ्फरनगर।** शासन ने दिग्विजय नाथ तिवारी को परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मुजफ्फरनगर में तैनात किया है। वहीं शासन स्तर से भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश का भी ट्रांसफर किया गया है। इससे पूर्व उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव का भी ट्रांसफर हो चुका है। जनपद मुजफ्फरनगर में मत्स्यनाथ त्रिवेदी जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में परियोजना निदेशक थे। कुछ माह पूर्व उनका तबादला हो गया था।

इसके बाद से परियोजना निदेशक का पद खाली चला आ रहा था। हालाकि व्यवस्था बनाने के लिए डीसी मनरेगा प्रमोद यादव को परियोजना निदेशक का चार्ज दिया गया था। अब संयुक्त सचिव प्रहलाद बरनवाल ने जनपद रामपुर में कार्यरत परियोजना निदेशक दिग्विजय नाथ तिवारी का जनपद मुजफ्फरनगर में ट्रांसफर किया है।

वहीं तत्काल प्रभाव से रिक्त चल रहे परियोजना निदेशक का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए है। कृषि निदेशक डा. जितेन्द्र कुमार तोमर ने भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश का जिला कृषि अधिकारी हापुड ट्रांसफर किया है। अभी उनके स्थान पर शासन स्तर से कोई नई तैनाती नहीं की गई है।

## मीरापुर के ईओ दीपक कुमार का तबादला, नीलम पांडे नई ईओ नियुक्त

**मीरापुर।** शासन ने नगर पंचायत मीरापुर में अधिशासी अधिकारी (ईओ) दीपक कुमार का स्थानांतरण नगर विकास मंत्रालय उत्तर प्रदेश द्वारा कर दिया गया है। उन्हें अब बिजनौर जनपद में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे को मीरापुर नगर पंचायत का नया ईओ नियुक्त किया गया है। जल्द ही उनके यहां पहुंचकर कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

नगरीय विकास निदेशालय लखनऊ के निदेशक अनुज कुमार झा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दीपक कुमार के स्थान पर रिक्त हुए पद पर नीलम पांडे को तैनात किया गया है।

इससे पूर्व नीलम पांडे नगर पंचायत चरथावल में अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। नगरवासियों को नई अधिशासी अधिकारी से कस्बे के विकास और नगर निकाय की कार्यशैली में सुधार की अपेक्षाएं हैं।

# नीट परीक्षा में बजा जिले के छात्रों का डंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नीट परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणामों में जनपद के छात्र-छात्राओं ने सफलता हांसिल की है। बेहतर अंक प्राप्त करने पर रविवार को विभिन्न इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम हुए, जहां शिक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढाया।

नीट परीक्षा में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने पर छात्र-छात्राओं ने खुशियां साझा की। इसके साथ ही शिक्षकों ने सभी को पुरस्कृत किया। इस दौरान सफल छात्रों ने कहा कि हमें नीटनीट यूजी 2025 में सफलता मिलने के पीछे परिवारजन और शिक्षकों को सहयोग मिला। उधर, नीट 2025 की परीक्षा में जूम इंस्टिट्यूट के दर्जनों छात्रों ने सफलता प्राप्त की। सफल की सफलता पर इंस्टीट्यूट के संचालक व शिक्षकों को सम्मानित किया। नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वालों में रचना, अंश त्यागी, ग्राम धंधेडा निवासी किसान की पुत्री सिमरनदीप कौर, आरव खुराना शामिल रहे, जिन्होंने एमबीबीएस बनने का सपना इस साल पूरा होने जा रहा है। इसके साथ ही देव प्रताप सिंह भी अपने बडे भाई तुषार की तरह से एमबीबीएस में अपना चयन पक्का कर लिया है। इसके अलावा अन्य छात्रों ने भी बेहतर अंक प्राप्त किए हैं। रविवार को सभी सफलत छात्र-छात्राएं इंस्टिट्यूट पर एकत्रित हुए और खुसियां साझा की। आकाश एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के मुजफ्फरनगर केंद्र से 17 छात्रों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर डीके मिश्रा ने बताया कि मुजफ्फरनगर शाखा के भूमि मित्तल, ओजल सिंघल, संस्कृति अंगरीश, अनुष्का अग्रवाल, सोहा खान, मोहम्मद आसिम, वंश कुमार, वानिया, राबिया समानी, लव्य कक्कड, अश्जा फातिमा, हाफसा रहीम, तनु यादव, दिशांत कुमार, नंदिनी रुहेला, इशिका वर्मा, फरमान, औरतनिष्क वैद्य ने असाधारण अकादमिक उत्कृष्टता और समर्पण का परिचय दिया है।




CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

IIFL FINANCE

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **मुजफ्फरनगर-रेलवे स्टेशन रोड जीएल - कमल कॉम्प्लेक्स 1 बी, रेलवे स्टेशन के सामने, मुज़फ्फरनगर 251001**

**शाखा का नाम: मुजफ्फरनगर- रेलवे स्टेशन रोड जीएल, तालुका - मुजफ्फरनगर.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25619252, GL25899478, GL30876260, GL30897095, GL31188675, GL31200142, GL32163473, GL32167320, GL32935168, GL32954111, GL33038727, GL33051186, GL33299420, GL33320869, GL33417124, GL33520566, GL33538162, GL33756929, GL33925962, GL33932456, GL33937673, GL33981822, GL33990259, GL34327027, GL34339018.

**शाखा का नाम: शामली-विश्वकर्मा नगर जीएल, तालुका - शामली.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL30838391, GL30851992, GL32732428, GL32740202, GL33436095, GL33440250, GL33457229, GL33458231, GL33660997, GL33702463, GL33990017, GL34039117, GL34043720.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 16.06.2025
स्थान: मुजफ्फरनगर

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

## जयंत चौधरी खेलों के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं: चौ. नीरपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रामकुमार बालियान द्वारा गांव कुटबी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की टीम का खिलाडियों व ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया।

रविवार को गांव कुटबी पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि बच्चों में खेल भावना जागृत करने के लिए गांव गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बच्चों को खेलों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

खेलों द्वारा बच्चों का भविष्य कैसे बनाया जा सकता है, इसके लिए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की टीम जयंत चौधरी के निर्देश पर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि खिलाडियों को प्रोत्साहित, सम्मानित किया जा रहा है। कुटबी के खिलाडियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी, प्रदेश महासचिव रुपिन चौधरी, पूर्व प्रधान चौ. राजपाल सिंह, चौ. राजवीर सिंह, चौ. महक सिंह, चौ. सहिंदर पाल, विजय सिंह, वीरेंद्र बालियान, मयंक, राहुल, विनय, यश, अंगद, प्रांजल, देव, निशांत पहलवान आदि उपस्थित रहे।

# मेमोरियल लाइब्रेरी की स्थापना करेगी सोसाइटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हनीफ एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की बैठक में सामाजिक उत्थान और शिक्षा पर जोर देते हुए मेमोरियल लाइब्रेरी की स्थापना किए जाने पर भी सहमति बनी।

रविवार को असारा हाउस पर आयोजित बैठक में जनपद शामली के सेक्रेटरी अलमदीन इदरीसी, नदीम अहमद, मोहम्मद अरशद इदरीसी, सद्दाम व सोनू शाहिद अन्य जनपदों से आए अतिथियों का तहसीन अली असारवी ने स्वागत किया। इस दौरान शामली में मास्टर अखतर मेमोरियल लाइब्रेरी खोले जाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ के जल्द ही लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा। यहां समाज के बच्चों को अच्छे से अच्छी तालीम दिलाकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाने के लिए गांव और कस्बों में बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी।



# रेलवे स्टेशन पर टिकटों की अव्यवस्था से यात्री हलकान

## एक ही खिड़की से दिए जा रहे आरक्षण और सामान्य टिकट

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली रेलवे स्टेशन पर टिकट वितरण की अव्यवस्था के चलते यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। स्टेशन पर दो टिकट खिडकियां होने के बावजूद सिर्फ एक खिडकी खोली जाती है, जिससे लंबी लाइनें लग जाती हैं और कई बार यात्रियों की ट्रेन तक छूट जाती है। यात्रियों का कहना है कि प्रतिदिन ट्रेनों के आने से महज दस से पांच मिनट पहले टिकट दिए जाते हैं, जिससे अफरा-तफरी मच जाती है। यही नहीं, इसी एक खिडकी से आरक्षण टिकट भी जारी किए जाते हैं, जिससे सामान्य टिकट लेने वाले यात्रियों की मुश्किलें और बढ जाती हैं। आक्रोशित यात्रियों ने आरोप लगाया कि स्टेशन पर आरक्षण टिकटों में भी बडा घोटाला चल रहा है। आरा.ेप है कि रेलवे कर्मियों की मिलीभगत से आरक्षण टिकट ब्लैक में मोटी रकम लेकर बेचे जा रहे हैं। कई बार



शिकायत करने के बावजूद रेलवे प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। थक-हारकर कुछ परेशान यात्री भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों से मिले। भाकियू के जिला सचिव राहुल और नगर अध्यक्ष अंकित चंदेल ने यात्रियों की बात सुनकर उन्हें भरोसा दिलाया कि इस अव्यवस्था को लेकर रेलवे प्रशासन से जल्द बात की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे। यात्रियों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द ही टिकट व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। फिलहाल यात्रियों को भाकियू से उम्मीद है कि उनकी आवाज अब दबेगी नहीं, बल्कि समाधान की ओर बढेगी।

## बाइक सवार तीन युवक सड़क दुर्घटना में घायल

**बुढ़ाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खतौली तिराहे के पास खतौली डिपो की एक रोडवेज बस ने एक बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये।

जिनको मौके पर पहुंची बुढाना पुलिस ने पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया। उधर हादसे के बाद बस को सडक पर छोडकर लापरवाह रोडवेज बस चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को भी पुलिस द्वारा दे दी गयी है।

समाचार लिखे जाने तक पुलिस को घायलों के परिजनों की और से कोई भी तहरीर नहीं दी गयी थी। एक घायल की हालत गंभीर बनी है।

# दुकान से लाखों का सामान चोरी, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** अज्ञात चोरों ने जिस ईको गाडी में लाखों रूपये की कीमत का चोरी का सामान भरा था उस ईको गाडी की तलाश में बुढाना पुलिस ने नगर पंचायत के सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें कई घंटों तक खंगाली। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव भसाना में खतौली मोड पर सेनेटरी और इलैक्ट्रोनिक्स हाऊस के नाम से गांव सुल्तानपुर निवासी इजहार खां पुत्र इकघ्तेदार की दुकान है। बीती 13 फरवरी की रात्रि में उसकी दुकान के शटर के बराबर में लगे लकडी के गेट को तोडकर किन्ही अज्ञात चोरों ने दुकान से लाखों रुपयों की कीमत का सेनेटरी और इलैक्ट्रोनिक्स का सामान व गल्ले में रखी 13 हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा उसकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों और हार्डिंग को भी उखाडकर ले गये। घटना का पता उसे सुबह आठ बजे तब लगा जब वह रोजाना की भांति अपनी दुकान खोलने आया। उसने अपने पडोस की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो पता चला कि बदमाश ईको गाडी लेकर आये थे। सीसीटीवी कैमरों मे उक्त बदमाशो की फोटो स्पष्ट आ रही है। इसी घटना के संदर्भ में उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र राव ने रविवार को बुढाना नगर पंचायत के सभागार में पहुंचकर ईको गाडघ्ी की तलाश में सीसीटीवी कैमरे कई घंटों तक खंगाले लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया था। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

## रात्रि में युवक पर जानलेवा हमला कर किया घायल

**मोरना।** ककरौली गांव मे रात के वक्त रास्ते से गुजर रहे युवक पर पिता पुत्र सहित दो अज्ञात ने लाठी डंडो दे हमला कर लहूलुहान कर दिया घायल को उपचार के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित निजी अस्पताल मे ले जाया गया। पीड़ित के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग की है थाना व गांव ककरौली निवासी खुशहाल ने तहरीर देकर बताया की बीते बुधवार की रात 10:30 उसका भाई मोहसिन कोई सामान लेने के घर से बाहर जा रहा था की रास्ते मे कैफ नामक युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कैफ व उसके पिता जन्नी तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने मोहसिन पर धार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का मुजफ्फरनगर के निजी अस्पताल मे उपचार जारी है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नाबालिग को बहकाकर अपहरण का आरोप

**मोरना।** नाबालिग को बहका फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का आरोप गांव के युवक पर लगाया गया है।

परिजनों ने किशोरी की बरामदगी की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया की बीते 10 जून की सुबह उसकी 15 वर्षीय पुत्री को सनी नामक युवक निवासी गांव भैंसा थाना मवाना जनपद मेरठ बहका फुसलाकर कहीं ले गया। जो युवती के साथ किसी भी घटना को अंजाम दे सकता है।

पिता ने पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी सनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# गूगल हैल्प हो सकता हैं लेकिन शिक्षक का विकल्प नहीं: वीसी विमला वाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित प्राचीन दण्डी आश्रम में महर्षि शुकदेव स्वामी कल्याणदेव डिग्री कॉलेज मोरना द्वारा योग महोत्सव के अन्तर्गत योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों व गणमान्यों को योगाचार्य द्वारा योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर की कुलपति प्रो0 विमला वाई. ने कहा कि योग हमें सिखाता है कि जो हमारा मन करे, वही तन करे। योग हमारे शरीर को स्वास्थ्य और शांति देता है। भारत योग में विश्वगुरू है। भारत ने दुनिया को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिया है। एआई मानव का कभी भी विकल्प नहीं हो सकता क्योंकि उसमें संवेदनाएं नहीं है। योग को स्वयं ही करना चाहिए। हर जगह योग को प्रचारित करें तथा सबको योग के लिए जागरूक करें। हमें संतों के



बताए रास्ते पर चलना चाहिए। युवा पीढी को आगे चलकर दायित्व संभालना है। मोबाइल से हमें सिर्फ सकारात्मक चीजें ही ग्रहण करनी है। मोबाइल से हमें ज्ञान प्राप्त होता है लेकिन वाट्सएप यूनिवर्सिटी से जो हमें ज्ञान मिलता है वो प्रमाणिक नहीं होता है।

गूगल हैल्प हो सकता है लेकिन शिक्षक का विकल्प नहीं हो सकता। योग हमें हर तरह से लाभ ही देता है। योग हमारे जीवन में वो प्रक्रिया लाता है जिससे हम जो चाहें वो प्राप्त कर सकते हैं। युवा पीढी को स्क्रीन टाईम के बराबर योग को टाइम देना चाहिए।

योग शिविर में उ0प्र0 योग रत्न से सम्मानित योगाचार्य भीम आचार्य ने कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों व गणमान्यों को ध्यान, प्राणायाम, श्वास आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी संदीप गुप्ता, एस.डी. डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर पुण्डीर, चौ0 छोटूराम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य के.पी. सिंह, डॉ. गिरिराज किशोर, विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी रामकुमार, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से प्रशिक्षु मनस्वी वर्मा, दण्डी आश्रम के प्रबंधक मनोहरलाल शर्मा, प्राचार्य राजपाल सिंह मलिक, सचिव मदनपाल सिंह, बेदवीर सिंह, विनोद शर्मा, डॉ. राजसिंह, आजाद सिंह, नीतू चौधरी, नरेश कुमार, मीनू, शालू, पूनम, आशुतोष आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संच. ालन प्रो0 सुबोध कुमार ने किया।

# कुरावा गांव का शराब का ठेका बंद करवाने की मांग

**बुढाना।** कुरावा गांव में गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर शराब का ठेका खोले जाने से ग्रामीण पुरूष व महिलाएं सडक पर आ गई। शराब के ठेके के पास प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गई। धरनास्थल पर ग्रामीणों व महिलाओं ने शराब का ठेका बंद करवाने की मांग की। ठेका बंद न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। थाना फुगाना के गांव कुरावा में खरड कुरावा लिंक मार्ग पर गांव में घुसते ही शराब का ठेका खुला है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर अंग्रेजी, देशी शराब के अलावा बीयर की दुकान भी खुली है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के बाहर शराब की दुकान खुलने से ग्रामीण युवक नशे के आदी हो गए हैं। शाम के समय गांव की गलियों में शराबी घूमते दिखाई देते है।

गांव का माहौल खराब हो गया है। शराब का ठेका खोले जाने से नाराज ग्रामीण महिलाएं एवं पुरूष रविवार को अपराह्न करीब 3 बजे ठेके के पास पहुंचे। ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने मौके पर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरना स्थल पर महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शराब का ठेका बंद नही हुआ तो वे आंदोलन करेंगी। घटना की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कहा कि ठेका खुलवाना या बंद करवाना उनके अधिकार में नही है। यह आबकारी विभाग अथवा उच्चाधिकारियों का मामला है। इस मौके पर भूदेव, प्रदीप, इंद्रपाल, सुभाष, कुलदीप सिंह, मनोज, संजीव, पवन सिंह, कप्तान, अंकित व महिला राजेंद्री सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# बसी खुर्द वाया चंधेडी मार्ग पर पूरी रात चलता रहा मिट्टी खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** सफीपुर रोड के पास स्थित एक पत्रकार के खेत से अवैध रुप से मिट्टी खनन किए जाने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि बीती रात बसी खुर्द रोड पर मिटी का खनन करने वाले माफियाओं ने पूरी रात ट्रेक्टर ट्रोलों से मिटी की बैखोफ होकर ढुलाई की। जिसकी चर्चा आज रविवार के दिन जोरों शोरों से रही।

बताया जाता है कि स्थानीय प्रशासन को शिकायत होने के बाद भी मिटी का खनन करने वालों के हौंसले बुलंद हैं। तीन दिन पहले खनन माफियाओं ने एक पत्रकार के खेत को गहरा कर दिया था। जिसका निस्तारण अभी तक भी हुआ नहीं। अब खबर है कि पूरी रात रविवार को दिन निकलने से पूर्व ही बसी खुर्द से चन्धेडी ग्राम की तरफ ट्रैक्टर ट्राली से अवैध रूप से खनन कर मिट्टी की बडे पैमाने पर ढुलाई की गयी। कुल मिलाकर मिट्टी का खनन करने वाले माफिया अर्धरात्रि में ही मिट्टी का खनन कर किसानों की चकरोड को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों में पनप रहा है और उन्होने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

# क्राइम मीटिंग में एसएसपी सख्त, पुलिसकर्मी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्राइम मीटिंग में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए सम्मानित करने के साथ ही एसएसपी संजय वर्मा ने सभी थाना प्रभारियों को टॉप टेन और हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की सतर्क निगरानी करने और गौकशी जैसे क्राइम को सख्ती के साथ रो. कने की भी हिदायत दी। पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में क्राइम मीटिंग में एसएसपी संजय वर्मा ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की।

एसएसपी ने टॉप-10 एवं हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की लगातार सतर्क निगरानी करते हुए असामा.



जिक तत्वों पर शिकंजा कसने के साथ ही थानाक्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त लोगों, जनप्रति. निधियों और पुलिस मित्रों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने थानाक्षेत्र में शराब, खनन, पशु तस्करी, शस्त्र तस्करी जैसे अपराधो में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने और गैंगस्टर के अन्तर्गत संपत्ति की जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने का भी निर्देश दिया।

# खेत से मिट्टी चोरी होने पर पत्रकार नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** पत्रकार नसीम कुरैशी के खेत की मिटटी चोरी करने के मामले में यहां के सभी पत्रकार बहुत ही चिंतित दिखाई दिए। उन्होंने एक आपात बैठक कर उक्त मामले की कडे शब्दों में निंदा की। पत्रकार अहसान कुरैशी ने कहा कि पत्रकार के खेत की मिट्टी चोरी होना प्रशासन की ढिलाई को दर्शाता है। पत्रकार से किसी भी तरह की अनुमति नहीं ली गयी और रात में कई रात तक मिट्टी का जमकर खनन हुआ। जिसके चलते पत्रकार का खेत गहराई में पहुंच गया। पत्रकार डाक्टर बासित सैफी ने कहा कि क्षेत्र में मिटी खनन का अवैध कार्य जोरों शोरों से चल रहा है। जो कि चिंता का विषय है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को सतर्क रहकर मिटटी खनन के अवैध कारोबार को रोकना चाहिए।

पत्रकार एसपी मलिक ने भी इस पर चिंता जताई और कहा कि पत्रकार के खेत की मिट्टी चोरी होने का मामला बडा है लेकिन इस बात के प्रति कोई भी अधिकारी गंभीर नहीं है। पुलिस को इस बात का संज्ञान अवश्य लेना चाहिए नहीं तो खनन माफियाओं के हौसले बुलंद होंगे। पत्रकार निक्की मलिक, पत्रकार कुलदीप वर्मा, इसरार त्यागी, मनोज भारद्वाज और अंकुर त्यागी ने भी इस घटना की कडे शब्दों में निंदा की और कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। ये घटना बहुत ही निंदनीय है।

## बूथ कमेटी मजबूत करने को हुआ भाईचारा सम्मेलन

**बुढाना।** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 के गांव कल्याणपुर में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सेक्टर कमेटी और बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया और आजाद समाज पार्टी कांशीराम को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। अतिथि जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार बावरा, जिला उपाध्यक्ष अनुज एडवोकेट, जिला प्रभारी एसएल सागर बौद्ध, जिला संगठन मंत्री अमित गुर्जर, जिला संगठन मंत्री नसीम अहमद, नगराध्यक्ष तनवीर मंसूरी, बुढाना विधानसभा उपाध्यक्ष राकेश जाटव, विधानसभा उपाध्यक्ष शेखर कुमार, विधानसभा सचिव नीतीश कुमार, सेक्टर अध्यक्ष राहुल कुमार और सेक्टर अध्यक्ष विपिन नारायण रहे।

# शालू सैनी एक और पुरस्कार से सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** लावारिस शवों के अंतिम संस्कार की सेवा के लिए क्रांतिकारी शालू सैनी को उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के मंत्रियों व संतो द्वारा किया गया सम्मानित साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी को उत्तराखंड के गांव बिंदु खडक में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ पहल सिंह सैनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पधारे उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के संतों व मंत्रियों द्वारा सम्मानितकीय गया व सभी ने क्रांतिकारी शालू सैनी का जमकर होंसला बढाया क्रांतिकारी शालू सैनी ने बताया कि वो लावारिस शवों के साथ साथ उन परिवारों के मृतकों के भी अंतिम संस्कार करती है जो पेसो के कारण कर नहीं पाते उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा इन सभी जगह वो अपनी सेवाएं पहुंचा रही है सैनी समाज के द्वारा दिए गए सम्मान से भावुक हो बोली में तो एक ठेला लगाने वाली थी अब उत्तर प्रदेश के अलावा सभी राज्यों में उन्हें सम्मान मिल है ये बहुत बडी बात है क्रांतिकारी शालू सैनी ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया क्योंकि बाबा की कृपा व सभी सहयोगियों के सहयोग से अंतिम संस्कार की सेवा के लिए इतनी हिम्मत जुटा पा रही है ये सम्मान बाबा महाकाल व सभी सहयोगियों को समर्पित।

# फुटबाल में भोपा टीम ने सहारनपुर को मात दी



**भोपा।** भोपा में दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय टीमों सहित, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मेरठ सहारनपुर, अंबाला, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरिद्वार आदि की टीमों ने प्रतिभाग किया।जहां खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाह वाह लूटी। जनता इंटर कॉलिज भोपा के मैदान मे आयोजित पहले सेमीफाइनल में भोपा की टीम ने सहारनपुर की टीम को दो गोल से मात दी। दूसरे सेमी फाइनल में पेनल्टी के माध्यम से मेरठ की टीम ने अंबाला की टीम हराया। रेफरी की जिम्मेदारी हर्षित, मनीष, विनीत चौधरी, मनोज कुमार, राहुल शर्मा, कुलदीप कुमार आदि ने निभाई। मोनू शर्मा, गुलशेर, डॉ विनीत कुमार, मनोज सैनी, अंकुर, कुलदीप, हर्षित, अंकित राठी, रूपक राठी, आदि कमेटी आदि के लोग सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रंगदारी मांगने वाला ईनामी बदमाश अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक दुकान में घुसकर दुकानदार से 50 हजार रूपये की रंगदारी मांगने और रंगदारी नहीं देने पर मारपीट करने वाले एक बदमाश को बुढघना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी पर दस हजार रूपये का इनाम था। रविवार के दिन एक पीडित व्यक्ति ने बुढाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एक बदमाश विशु पुत्र राकेश द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी दुकान में घुसकर मारपीट की गयी तथा 50 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की गयी। तब एसपी देहात आदित्य बंसल के निर्देश पर सीओ बुढाना गजेंद्र पाल सिंह ने बुढाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में एक टीम गठित की। टीम ने भागदौड कर आरोपी विशु को किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर चंधेडी रोड से उस समय अरेस्ट कर लिया जब वह कहीं पर भागने की फिराक में था। आरोपी के पास से पुलिस टीम ने एक अवैध तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए हैं। उक्त आरोपी पर पहले भी एक मामला दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस टीम में बुढाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, दारोगा आशीष कुमार, हैड कांस्टेबल हरीश पाल सिंह व निर्वेश भारद्वाज, कांस्टेबल गजेंद्र सिंह और नकुल सांगवान थे।

# सगे भाइयों पर मकान मे कूड़ा कचरा फेंकने का लगाया आरोप

## ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव खेडी फिरोजाबाद मे कुत्सित मानसिकता को प्रदर्शित करते हुए सगे भाई के मकान मे कूड़ा कचरा व मल फेंकने का मामला प्रकाश मे आया है। सगे भाईयों की करतूत से तंग आये ग्रामीण ने तहरीर देकर आरोपी भाईयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीफिरोजाबाद निवासी उदयवीर ने बताया कि उसका मकान गांव मे टंकी के पास है। उसके पडोस में दो सगे भाईयों का भी मकान है। आरोप है कि पिछले करीब एक महीने से पडोसियों द्वारा आटा, कच्चे चावल, तिल आदि टोना-टोटका जैसा करने का सामान व कूडा-कचरा व मल आदि गंदगी को पॉलीथिन में भरकर उनके घर मे बार बार फेंका जा रहा है। जिसको उसने कई बार नजर. अंदाज कर दिया। शनिवार रात करीब ग्यारह बजे उसका परिवार घर में सोया हुआ था। पडोसियों ने दीवार के ऊपर से एक पॉलीथिन में मल भरकर उसके घर में फेंक दिया। जिससे घर के आंगन में रखा चूल्हा व बर्तन आदि गंदे हो गए। पीडित ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। पीडित ने डायल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीडित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पीएम मोदी के 11 साल बेमिसाल पर बैठक सम्पन्न




**खतौली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 वर्षों को लेकर भाजपा की शनिवार के देर शाम एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोदी सरकार की जनहितकारी नीतियों, उपलब्धियों और 11 वर्षों की बेमिसाल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी तथा भाजपा किसान मोर्चा मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष राजू अहलावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने की। बैठक के दौरान वक्ताओं ने बीते 11 वर्षों में हुए देश के सर्वांगीण विकास, महिलाओं को सशक्त बनाने वाली योजनाओं, किसानों के हितों में लिए गए निर्णयों, गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढती साख जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता प्रीति किन्नर ने पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए आगामी समय में पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री भी मौजूद रहे।

# नीम करोली बाबा की स्थापना दिवस पर भक्तिभाव से गूंजा नंदनी ट्रेडर्स परिसर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नीम करोली बाबा कैंची धाम की स्थापना दिवस पर रविवार को मीरपुर रोड स्थित नंदनी ट्रेडर्स पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। अश्वनी शर्मा, आयुष शर्मा, सीमा शर्मा व नंदिनी शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। बाबा के भजनों व कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने बाबा से सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। धार्मिक आयोजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



आयोजक अश्वनी शर्मा ने बताया कि हर वर्ष बाबा नीम करोली की जयंती पर इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है, जिससे लोगों में भक्ति और सेवा की भावना जागृत हो। स्थानीय श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।

# उमसभरी गर्मी से लोगों को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। पिछले कई दिनों से उसम भरी गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को रविवार को उस समय राहत मिली, जब सवेरे अचानक आसमान में काले बादल छाने के साथ ही ठंडी हवाएं चलने लगी। सवेरे बूंदाबांदी जरूरी हुई, लेकिन बारिश नही हो सकी। दिनभर ठंडी हवाओं को दौर जारी रहा, जिससे लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत रही।

पिछले कई दिनों से उसम भरी गर्मी और तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान कर रखा था। हालात यह हो गए थे कि गर्मी में घर से लेकर बाहर तक कोई आराम नही मिल पा रहा था। गत रात्रि भी उसम इतनी बढ गई थी कि रात्रि का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। लो वोल्टेज के कारण लोगों के ऐसी, कूलर, पंखे तक नही चल रहे। भीषण गर्मी में रात्रि में बिजली की अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को रूला दिया है। लोगों ने बिना बिजली के कई स्थानों पर रात जागकर बिताई। रात्रि में भी लोग गर्मी में आराम न मिलने से इधर उधर भटकते रहे। वही रविवार सवेरे अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में काले बादल छाने के साथ ही ठंडी हवाओं का दौरान शुरू हो गया। सुहावना मौसम देख लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली और मूशलाधार बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन सवेरे 10 बजे बूंदाबांदी की हो सकी। इसके बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर दो बजे मौसम खुल गया था और एक बार फिर तेज धूप ने लोगों को परेशान किया, लेकिन आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार को मौसम का अधि. कतम तापमान 36 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।



## तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से बदला मौसम, पठानपुरा मे शौचालय पर गिरा पेड़

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। रविवार की सुबह को उमस भरी गर्मी के साथ अचानक आसमान मे बादल छा गए और सुबह करीब ग्यारह बजे अचानक से बारिश होनी शुरू हो गई। झमाझम हुई बारिश से लोगो को गर्मी से राहत मिली। साथ ही बारिश के साथ आई तेज हवाओ ने जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। पठानपुरा के प्राईमरी स्कूल में एक पेड गिरने के कारण शौचालय ढह गया। चौसाना मे रविवार की सुबह से ही आसमान मे काले बादल छा गए थे। जिस कारण मौसम मे उमस भरी रही। तेज हवाओं के साथ प्राईमरी-जूनियर हाईस्कूल पठानपुरा में लिप्टिस का पेड उखडकर शौचालय पर जा गिरा,जिससे शौचालय ढह गया। स्कूल मे बच्चों की छुट्टियां चल रही है,जिस कारण हादसा होने से बच गया। वही बिजली आपूर्ति भी करीब दो से तीन घंटे के लिए बाधित रही।



# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर पुलिस की सख्ती, दो बाइक सीज

चौसाना। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक्शन मोड अपनाया है। रविवार को चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौसाना बाइपास पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो बाइकों को बिना नंबर प्लेट घूमते हुए पकड़ा गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि वाहनों को रुकवाकर जब उनसे कागजात मांगे गए तो बाइक सवार कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। ना ही बाइकों पर आगे या पीछे नंबर प्लेट लगी हुई थी। संदेह के आधार पर दोनों बाइकों को मौके पर ही सीज कर चौकी लाया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए हर संदिग्ध वाहन की जांच की जा रही है। बगैर नंबर प्लेट के वाहन अपराधियों के लिए आसान साधन बन जाते हैं, जिनका इस्तेमाल अक्सर आपराधिक गतिविधियों में किया जाता है। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने वाहनों पर वैध नंबर प्लेट लगवाएं और हमेशा गाड़ी के कागजात साथ रखें। यदि बिना नंबर और बिना कागजात के कोई वाहन चलता मिला तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






शामली। विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए। छाया शाह टाइम्स

# विमान हादस में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शनिवार देर रात्रि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों द्वारा अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

शनिवार देर रात्रि शहर के कमला कालोनी स्थित शिव मंदिर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने कहा कि यह बड़ी दुखदाई घटना है।

भारत सरकार को आने वाले समय में इस तरह की घटना न हो इसके बचाव का उचित उपाय करना चाहिए। सभी दिवंगत आत्माओं के लिए व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री संजीव कुमार, राहुल गोयल, डा. अरविंद सिंघल, मुकेश वर्मा, भरत शर्मा, अनुज खंडेलवाल, रामनिवास सैनी सभासद, मनोज कुमार, नीलम शर्मा, कुमुद शर्मा, प्रशांत कुमार, जयंत कुमार, राजेंद्र गुप्ता, मनोज शर्मा, बृजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## योग प्रशिक्षण दिया

कोतवाली देहात। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व जनपद बिजनौर के मास्टर योग ट्रेनर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली में आशा कार्यकर्ताओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। जनपद के मास्टर योग ट्रेनर तिलकराम ने बताया कि आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जनपदों के योग प्रशिक्षक को मास्टर योग ट्रेनर की ट्रेनिंग लखनऊ में कराई गई है। ब्लॉक प्रांगण में आशा कार्यकत्रियो को प्रशिक्षण दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक केंद्र एवं गांव में सभी जनमानस को प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता योग का अभ्यास कराएंगे। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पदस्थासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, अर्ध भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

## एक नजर

### लाखन सिंह जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त



शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पूरन सिंह द्वारा गांव चन्देना माल के ठा. लाखन सिंह को संगठन के जनपद शामली जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। प्रमुख समाजसेवी व किसानों, मजदूरों की आवाज को लंबे समय से विभिन्न माध्यमों से उठाने वाले ठा. लाखन सिंह को उनके द्वारा किए गए संघर्ष को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मजदूर संगठन के द्वारा उनके मनोनय पर बधाई देते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से लाखन सिंह किसानों,मजदूरों व वंचितो,शोषितो की आवाज को मजबूती से उठाए जाने का काम बेहतर ढंग से करते हुए संगठन को भी मजबूती प्रदान करेंगे ऐसी हमे आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का साभार धन्यवाद करते हुए कहा कि संगठन के द्वारा जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया गया है उस कर्तव्य को मै पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने का पूर्ण प्रयास करूंगा तथा किसान मजदूर संगठन के नाम को सार्थक करने का काम करूंगा।

### कौशल रथ का शुभारंभ, युवाओं को डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल



शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की प्रेरणा से क्षेत्र के गांव लांक में रविवार को कौशल रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें ग्रामीण और कस्बाई युवाओं को निशुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। रविवार को कार्यक्रम के शुभारंभ विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, पूर्व विधायक राव वारिस, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, राजन जावला, द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिन्होंने संयुक्त रूप से कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि यह रथ सिर्फ एक प्रशिक्षण वाहन नहीं, बल्कि डिजिटल साक्षरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक चलता-फिरता संस्थान है, जो युवाओं को तकनीकी दक्षता से लैस कर उन्हें नए भारत के निर्माण में भागीदार बनाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत युवाओं को मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे, जो उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होंगे। इस दौरान डा. विक्रांत जावला, अश्विराज राझड, सनोज टोंडा, अरविंद झाल, बाबा संजय कालखांडे, बाबा रविन्द्र मलिक, बाबा संजीव मलिक, मुकेश सैनी, मुकेश भभीसा आदि मौजूद रहे।

### प्रेमिका के बुलावे पर आए प्रेमी की जमकर पिटाई

शेरकोट। एक प्रेमी को अपनी प्रेमिका से मिलने जाना भारी पड़ गया। प्रेमिका के भाई ने अपने बहन के प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि नहटौर निवासी एक युवक का नगर निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार को प्रेमी अपनी प्रेमिका के बुलावे पर शेरकोट पहुंचा और दोनों पुलिस चौकी के निकट स्थित एक पिज्जा हट में बैठकर अपने प्रेम की बातें करने लगे। उधर प्रेमिका के घर से जाने पर भाई को शक हुआ और वह भी पीछे से पिज्जा हट में पहुंच गया। उसने दोनों को रंगे हाथों पकड लिया और प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी।

# पंजीठ बिजलीघर पर रखवाया ट्रांसफॉर्मर

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पंजीठ से जुड़े घरेलू व ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। विभाग ने चार गांवों के उपभोक्ताओं व मामौर में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में विद्युत आपूर्ति हेतु बिजलीघर में रखे 5 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि की है।

विगत कई दिनों से आसमान से बरस रही भयंकर आग ने चारों ओर त्राहिमाम मचा रखी है। ऐसे में विद्युत विभाग को सबसे अधिक विकट परिस्थितियों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में गांव रामड़ा, पंजीठ, मामौर व मवी के घरेलू व ट्यूबवेल उपभोक्ताओं के लिए राहत का समाचार है। पंजीठ बिजलीघर पर रखे 5 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर की क्षमता में वृद्धि की गई है। अब 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जाएगी। रविवार को एसडीओ कैराना अमित कुमार गुप्ता की मौजूदगी में बिजलीघर पर रखे गए 10 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर से विद्युत आपूर्ति शुरु की गई। इस दौरान भाकियू नेता पुष्कर सैनी व बिजलीघर स्टाफ मौजूद रहा। वहीं, एसडीओ अमित गुप्ता ने बताया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मामौर में लगाए गए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु पंजीठ बिजलीघर पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवाया गया है।

# मेधावी छात्र अलंकरण समारोह संपन्न

शामली। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली द्वारा मेधावी छात्र प्रतिभा अलंकरण समारोह एवं संस्था के सदस्य सम्मान का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के हनुमान धाम स्थित महाराज अग्रसैन बारातघर में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली द्वारा मेधावी छात्र प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द संगल, गोपाल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ होती है और जब उसी समाज के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, तो वह पूरे समुदाय के लिए गौरव का विषय बन जाता है। इसी भावना को साकार करते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा एक प्रेरणादायक और गरिमामय आयोजन मेधावी छात्र प्रतिभा अलंकार समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना, जिन्होंने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों को न केवल स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक संदेशों और शुभकामनाओं से भी नवाजा गया। प्रोग्राम में अग्रवाल समाज के 10 लोगों का विशिष्ट सेवा सम्मान भी कराया गया जिन्होंने अपने सेवा भाव से पूरे अग्रवाल समाज का नाम रोशन कर रखा है। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि सच्ची लगन, कठोर परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करें और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की उड़ान भरें। इस अवसर पर संजय ऐरन, राजेन्द्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल, राजीव गोयल, मनोज संगल, आनंद गर्ग, सुखमाल गुप्ता, नरेंद्र अग्रवाल, सतीश गोयल, मनोज गर्ग, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, सचिन मित्तल आदि मौजूद रहे।




# कोर्ट के आदेश पर हजारों लीटर शराब की गई नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार आबकारी अधि. नियम से संबंधित मामलों का विनष्टीकरण जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर किया गया जिसमें हजारों लीटर शराब व उपकरण जेसीबी मशीन से द्वारा खोदकर नष्ट किए गए।

ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार आबकारी अधिनियम से संबंधित मामलों का रविवार को ऊन चौकी पर विनिस्ट्रीकरण किया गया इसके अंतर्गत वर्ष 2021 से 2024 तक के संबंधित थाना झिंझाना, चौकी ऊन व चौसाना के माल खाने में रखी 52 अभियोगों से संबंधित 1000 लीटर कच्ची शराब, 18 पेटी अंग्रेजी शराब, 18 पेटी देशी शराब व शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट कराया गया। इस दौरान गठित टीम के अधिकारी उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी सी ओ कैराना, मोहम्मद आरिफ जमाल जिला आबकारी अधिकारी, थाना अध्यक्ष झिंझाना जितेंद्र शर्मा तथा चौकी प्रभारी राकेश कुमार उपस्थित रहे।



झिंझाना। रविवार को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना झिंझाना पर मुकदमों से सम्बन्धित मालखाने में रखी माल मुकदमाती शराब को नष्ट कराए जाने हेतु माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा संदीप कुमार वास्तव उप जिला मजिस्ट्रेट ऊन, अमरदीप कुमार मौर्य क्षेत्राधिकारी कैराना, मौ. आसिफ वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, मोहम्मद आरिफ जमील जिला आबकारी अधिकारी, जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में उक्त मुकदमों (वर्ष 2021 से 2024 तक) से सम्बन्धित मालो की उपस्थिति में 58 अभियोगो से सम्बन्धित 1000 लीटर कच्ची शराब व 18 पेटी अग्रेजी शराब व 14 पेटी देशी शराब खाम व शराब बनाने के उपकरणो को नष्ट कराया गया। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया आपरेशन क्लीन के चलते 58 अभियोगों से सम्बंधित कच्ची, देशी व अंग्रेजी शराब सहित बनाने के उपकरणों को गठित टीम की मौजूदगी में नष्ट किया गया है।



## नगीना के तीनों इंटर कॉलेजों के नाम पोर्टल पर नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। शिक्षकों व प्रधानाचार्य के ऑनलाइन स्थानांतरण की एडेड माध्यमिक विद्यालयों में चल रही प्रक्रिया में बड़ी कमी सामने आई है। नगीना के तीनों इंटर कॉलेज के नाम व रिक्त पदों की संख्या विभाग के पोर्टल पर अंकित नहीं होने से इच्छुक शिक्षक आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जून थी।

शासन ने हाल ही में प्रदेश के अशासकीय (एडेड) हाई स्कूल व इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के तबादले पहली बार ऑनलाइन करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे। अभी तक इन विद्यालयों में तबादले ऑफलाइन होते थे। जबकि इस बार ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया को 27 जून तक पूरा करना है। ऑनलाइन आवेदन 10 से 14 जून तक होने हैं।

# योग चेतना पदयात्रा निकालकर योग सप्ताह कार्यक्रम का किया आगाज

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 इस वर्ष की थीम Yog for One Earth One Health, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, के दृष्टिगत आज आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन शामली द्वारा आयोजित 15 जून से 20 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान टीला शामली के योग साधना प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल आदि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर योग प्रोटोकॉल का संचालन मास्टर ट्रेनर राजकुमार एवं निजी योग संस्था प्रिया भट्ट, के द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी माद्र जनप्रतिनिधि,उपस्थित सभी अधिका. रियों सहित शहर के लगभग 500 गणमान्य व्यक्तियों को दैनिक योग अभ्यास कराते हुए ओउम्, गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, संकल्प मंत्र, प्रार्थना मंत्र, सहज व्यायाम, सूर्य नमस्कार- मुख्य आसन- में बैठकर करने वाले आसन मण्डूकासन, पेट के बल लेट कर करने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, पीठ के बल लेटकर करने वाले आसन मर्कटासन, पवनमुक्तासन आदि -मुख्य प्राणायाम एवं सहयोगी क्रिया में भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, अग्निसार-क्रिया, उज्जाई प्राणायाम, अनुलोम- विलोम प्राणायाम, भ्रामरी- प्राणायाम, उद् गीथ-प्राणायाम, प्रणव-प्राणायाम, समापन, शांति पाठ कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य जीवन ही सबसे बड़ा धन है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग हमें यह बताता है कि जिन समस्याओं के लिए हम बाहर उपचार ढूंढते रहते हैं उन सभी बीमारियों का इलाज हमारे अंदर ही है।हमें अपने अंदर झांकने की जरूरत है हर प्रश्न का उत्तर हमारे अंदर ही है। जिलाध्यक्ष ने योग के माध्यम से ठीक हुए लोगों के बारे में उदाहरण देते हुए सूर्य नमस्कार को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि हम सब भी भारत की इस महत्वपूर्ण एक ऐसी निधि जिसमें हर समस्या का समाधान है उससे हम दूर हो गए थे जिसको माद्र प्रधानमंत्री जी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा याद दिलाने का काम किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उपस्थित योग साधकों से कहा कि हम आगे चलकर न केवल अपना बल्कि अपने आस-पास, साथ-साथ समाज का देश का सभी चीजों का निराकरण करने का काम करें और अपने परिवार और अपने सदस्यों को योग से जोड़ने का काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने अपने संबोधन कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन को शांति होती है। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ विधु शेखर कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आज योग योग सप्ताह शुभारंभ से पूर्व समस्त गैर सरकारी योग संस्थाओं एवं बच्चों द्वारा वीवी इंटर कॉलेज शामली से हनुमान धाम तक योग चेतना पदयात्रा रैली निकाल कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। संचालन अनुराग शर्मा ने किया।कार्यक्रम के अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अंकित गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित कार्यक्रम प्रबंधक जयंत कुमार, समस्त आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।









शामली। योग चेतना पदयात्रा का दृश्य। छाया शाह टाइम्स

# विवादित भूमि पर कब्जा करने पहुंचे दबंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में जेसीबी चलाकर विवादित भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने के प्रयास में दबंगो द्वारा की गई मारपीट में एक युवक घायल हो गया, पुलिस द्वारा एक आरोपी युवक सहित जेसीबी चालक को हिरासत में लिया गया है। मौके से बीएसएफ लिखी एक स्कॉर्पियो कार एवं जेसीबी को भी कब्जे में लिया गया है वहीं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



ज्ञात हो कि नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन में पानी की टंकी के निकट स्थित एक जमीन पर कई वर्षों से एससी समाज के कई लोग गोबर डालकर उपले बनाते आ रहे हैं तथा वहीं पर उपलों के बिटौडे आदि भी लगाते हैं। उक्त भूमि पर काबिज मोहल्ले के कई लोगो व प्रमोद पुत्र मोल्हड के बीच भूमि विवाद चला आ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को उस समय कोई बड़ा विवाद होने से बच गया जब उक्त भूमि पर ही जबरन कब्जा करने के लिए प्रमोद लगभग पन्द्रह बीस दबंगो के साथ साथ बीएसएफ लिखी स्कोर्पिओ कार व दो जेसीबी लेकर वहाँ पहुंच गया।

वहां पहुंचने के बाद यह लोग जेसीबी से बिटौडे व उपले आदि को खुर्द बुर्द कर अवैध कब्जा करने की कौशिश करने लगे। यदि मोहल्ले के लोगों ने इनका विरोध किया गया तो इन दबंगो ने उन्हे लाठी डंडो व हॉकी आदि से मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसमें विपिन पुत्र रघुवीर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस को आता देख यह दबंग लोग अपनी बीएसएफ लिखी स्कार्पियो कार व एक जेसीबी को मौके पर छोडकर दूसरी जेसीबी लेकर फरार हो गये। पुलिस टीम ने मौके से खुद को बीएसएफ लिखी कार का स्वामी बताने वाले युवक व जेसीबी चालक को हिरासत में लिया तथा बीएसएफ लिखी कार एवं जेसीबी को भी कब्जे में लेकर थाना ले गयी।

जिसके बाद मोहल्लेवासी महिलाए व पुरुष भी थाना पहुंच गए एवं दबंगो के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग करने लगे। पीडित सुशील पुत्र जयपाल सिंह द्वारा प्रमोद पुत्र मोल्हड, सूर्यप्रकाश पुत्र पहल सिंह एवं अज्ञात लोगो के विरुद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। थाना प्रभारी निरिक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि घायल को उपचार हेतू अस्पताल भेजा गया है। मौके से मिली जेसीबी व बीएसएफ लिखी गाडी को सीज कर दिया गया है, मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अन्य सभी आरोपियों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्यवाही अम्ल में लायी जायेगी। बतातें चलें कि उक्त जमीन पर आरोपी प्रमोद द्वारा पूर्व में भी कई बार जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा चुकी है। लगभग 20 दिन पहले भी पुलिस द्वारा उक्त जमीनी विवाद में दोनो पक्ष के लोगो को मुचलका पाबंद किया गया था, दोनो ही पक्षों को कोई भी विवाद न करने की हिदायत करते हुए न्यायालय के आदेशों पालन करने को कहा गया था। पुलिस की मनाही के बाद भी प्रमोद में जबरन कब्जा करने की हिम्मत आखिर कैसे पैदा हो गई व पुलिस द्वारा मौके से अपने कब्जे में ली गई बीएसएफ लिखी स्कोर्पियो गाड़ी किसकी है यह भी एक बड़ा सवाल है।

# सरकार के 11 वर्ष कल्याण को समर्पित: निम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे।



मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत देर शाम ग्राम सहजवा में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष सेवा , सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं।किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को राहत देने का काम किया जा रहा है तो महिलाओं के लिये उज्ज्वला सहित अनेक योजनाएं चला कर उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया। आयुष्मान कार्ड के जरिये देश की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुरक्षा देने का काम मोदी सरकार ने किया।देवेंद्र निम ने कहा कि हाल ही में आपरेशन सिंदूर के अंतर्गत जिस प्रकार से दुश्मन देश पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है उससे पूरी दुनिया में एक संदेश गया कि ये मोदी का नया भारत है जो किसी से दबने और झुकने वाला नही है।आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान बिट्टू नंबरदार, राजपाल सिंह, जयपाल सिंह, अशोक कुमार, बिट्टू चौधरी, विपिन रेड्डी, धर्मसिंह प्रधान, प्रदीप चौधरी, संजीव प्रधान, बिजेंद्र आर्य, महिपाल सिंह, प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, जनक सिंह, जोनी कुमार, विकास सहजवा, सचिन सैनी, बृजेश सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बाबा मोतीराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** नट बाद्दी समुदाय के आराध्य बाबा मोतीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भलस्वा गांव में दो दिवसीय आयोजन पर गांव के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई।

रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा मोतीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे हमारे समाज द्वारा दिखाई जाने वाली कलाओं के मुख्य सूत्रधार थे। उनके द्वारा प्रतिपादित नियम ही हमारे समाज में प्रचलित है। हमारे समुदाय के लोग गरीब भले ही हों, लेकिन बेईमान नहीं है, अपराधी नहीं है । उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमारे समाज के लोग कोई गलत काम नहीं करते है। उन्होने कहा कि अपराधिक कृत्यों से हमारे समाज का युवा दूरी बनाए हुए हैं। प्रत्येक तीन साल बाद होने वाले इस इस आयोजन मे आसपास के नट बाद्दी समुदाय के अलावा देशभर से समाज के लोग इस आयोजन मे शिरकत करते है।

कार्यक्रम के बाद गांव में बाबा मोतीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे बाबा मोतीराम की फूलो से सुसज्जित मूर्ति थी। उसके पीछे एक से बढ़कर एक झांकियां, कई बैंड, मोटू, पतलू समेत बांस के सहारे चलता युवक आकर्षण का केंद्र बने थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश ओमी, दीपक राणा, शिवकुमार, सोनू राणा, संजू राणा ओमपाल पंवार, कृष्ण राणा, इसरार, राजकुमार, मुकेश, ओमप्रकाश, दिलावर सिंह, रंजीत सरबजीत सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अमित शाह से मिले मंत्री जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और पुष्पगुच्छ भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री का पद संभाल रहे जसवंत सैनी ने लखनऊ आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंट मार्गदर्शन प्राप्त किया।जनकल्याणकारी योजनाओं से देश की जनता के जीवन में खुशहाली लाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री व केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया।

बाद में राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के मार्गदर्शन में बहुत कुछ सीखने को मिला है।

# शव घर पहुंचने पर नम आंखों के बीच युवक सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अंबाला शहर में सडक हादसे में मौत का शिकार हो गए युवक का शव नगर में पहुंचने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया।



जानकारी के लिए बता दें कि नगर के मोहल्ला जाकिर हुसैन निवासी युवक फिरोज पुत्र अनीस उर्फ निप्पा व जीशान उर्फ मुन्ना पुत्र इमरान उर्फ माना अपने मोटरसाइकिल रेहड़े में प्लास्टिक का सामान रखकर अंबाला शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम फिरकर बेंचने का कार्य करते थे। विगत शनिवार को दोपहर के समय जब वह सामान बेचकर वापस घर आ रहे थे तो थाना अंबाला शहर की चौकी के क्षेत्र में सड़क किनारे लगी छबील पर शर्बत पीने लगे।

तभी अचानक तेज गति से आ रहे एक कैंटर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। इस हादसे में फिरोज (20 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसके साथी जीशान सहित 4 स्थानीय निवासी भी गम्भीर रुप से घायल हो गए थे। मौके पहुंची पुलिस द्वारा घायलो को अस्पताल में भर्ती करवाते हुए मृतक फिरोज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था।

रविवार को पोस्टमार्टम हों जाने के बाद फिरोज का शव चिलकाना स्थित उसके घर पर पहुंचा तो परिजन चीख चीख कर रोने लगे। परिजनों को रोता बिलखता देखकर हर किसी की आंखे नम थी। शाम के समय परिजनों द्वारा नगरवासियों व रिश्तेदारों की मौजूदगी में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। फिरोज की हादसे हुई इस मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, मृतक की माँ व अन्य परिवारजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# नीट यूजी में तन्मय की 74वीं ऑल इंडिया रैंक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नीट यूजी में जनपद के तन्मय जग्गा ने 74 वीं आल इंडिया रैंक हासिल की है।

आज कोर्ट रोड स्थित आकाश एजुकेशन सर्विसेज पर तन्मय जग्गा समेत शहवार आलम, राघव गर्ग समेत सफल छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया। शहवार आलम की 360 और राघव गर्ग की 1037 वीं रैंक आई है। रीजनल डायरेक्टर डी. के.मिश्रा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि छात्रों की यह असाधारण सफलता अत्यंत सराहनीय है। 23 लाख से अधिक छात्रों द्वारा दी जाने वाली इस परीक्षा में टॉप रैंक हासिल करना कोई छोटी बात नहीं है। यह छात्रों की मेहनत, दृढ संकल्प,का परिणाम है।

# मानवता की सेवा का रक्तदान सर्वोत्तम माध्यम: शमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** संत निरंकारी सत्संग भवन में आयोजित रक्तदान शिविर ने सामाजिक सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस शिविर में 114 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा।



शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत चेयरपर्सन शमा परवीन ने फीता काटकर किया। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है।

शिविर में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया धूम सिंह, ओम कुमार, चंद्रपाल, जय सिंह, विनीत, सुशील कुमार, मुनेश, हेमलता, सुनीता, प्रेमलता, पूनम, संगीता, बबीता सहित अनेक रक्तदाताओं ने इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। संत निरंकारी मिशन के स्वयंसेवकों ने शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्त संग्रहण के लिए मेडिकल टीम ने सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया, जिससे रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर आयोजकों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है। शिविर में शामिल लोगों ने इस पहल को सामुदायिक एकजुटता और मानव सेवा का प्रतीक बताया। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, ताकि अधिक से अधिक लोग इस नेक कार्य से जुड़ सकें।

संत निरंकारी मिशन के इस प्रयास ने न केवल रक्त की आवश्यकता को पूरा करने में मदद की, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया। यह शिविर अन्य संगठनों के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरा है, जो सामाजिक कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन कर सकते ह

# मेधावी छात्रा-छात्राएं सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ज्ञानप्रतीक फाउण्डेशन द्वारा शिक्षक-शिक्षार्थी सम्मान समारोह के साथ-साथ मैरिट को सलाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 101 मेधावियों को सम्मानित भी किया गया।

आज हकीकत नगर स्थित आईएमए में हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ विनोद धावरी, जिलाध्यक्ष, जिला वाल्मीकि सभा सहारनपुर द्वारा भगवान वाल्मीकि एवं बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधायक एवं मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि वाल्मीकि समाज में इस तरह के महत्वपूर्ण कार्यक्रम कौम के उत्थान हेतु एक मील का पत्थर साबित होंगे। राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रान्तिकारी मोर्चा के प्रमुख राष्ट्रीय महामंत्री भारत भूषण ने कहा कि ज्ञानप्रतीक फाउण्डेशन संगठन इस प्रकार के रचनात्मक कार्य धरातल पर करके वाल्मीकि समाज के उत्थान के लिए कौम को नई दिशा दे रहा है। संचालन वरिष्ठ समाजसेवी कार्यक्रम सहसंयोजक सोनू बिरला एडवोकेट ने किया। फाउण्डेशन के संस्थापक महाराज सिंह डिग्री कालेज में एसोसिएट प्रोफेसर समाज शास्त्र डॉ. अनिल कुमार ने भी विचार रखे।

उ.प्र. के एससी/एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा से सम्बन्धित और उसमें भी प्रतिभा को तरासने व निखारने का प्रान्त का पहला और प्रशंसनीय कार्यक्रम है। सहसंयोजक एवं शिक्षिका श्रीमती सीमा सरयासर ने आभार जताया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र बिरला सेठ, हुकमचन्द, राकेश चन्द्रा, अजय चंचल, संदीप टांक, दीपक, करन, पारसराज, सतवीर सिंह माणा, रणजोत सिंह, राकेश कल्याण, बरखा कल्याण, राकेश बोहत्रा, वरदान घावरी, आशीष महरोल, विकास महरोल, सुन्दर ढिलोड, अरूण आदिवाल, दीपक पाहिवाल, यदुवेश मचल, सुधीर, राकेश बिरला आदि मौजूद रहे।

# विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**सहारनपुर।** विगत 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में लंदन जा रहे विमान के भव्य हादसे में विमान यात्रियों एवं अन्य लोगों की अकाल मृत्यु होने से पूरा विश्व शोक ग्रस्त है।

गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा . में आज एक शोक सभा की गयी जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा कि यह हृदय विदारक घटना है। इसे शब्दों में ब्यां नहीं किया जा सकता। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। अकाल पुरख वाहिगुरू के आगे अरदास की गयी कि प्रभु सभी मृतकों की आत्मा को अपने चरणों में निवास दे एवं उनके परिवारों को दुख सहन करने की शक्ति दें। शोक सभा में सिंह सभा के प्रधान स. जसबीर सिंह, सीनियर मीत प्रधान स. प्रभजोत सिंह, मीत प्रधान प्रमिन्द्र सिंह कोहली, जनरल सकत्तर अमनप्रीत सिंह, के साथ छवप्रीत सिंह, ईन्दप्रीत सिंह चढा, परमजीत सिंह चड्ढा, प्रितीपाल सिंह जुनेजा, हरेन्द्र सिंह चडढा, बलबीर सिंह धीर, गुरदियाल सिंह, सतविन्द्र सिंह माकन, गुरप्रीत सिंह बग्गा, डा. स्वर्णजीत सिंह, रविन्द्र सिंह, गुरविन्द्र सिंह कालरा, जसवंत सिंह बतरा, दीदार सिंह सेठी, नवनीत सिंह बग्गा, उपकार सिंह सेठी, कुलवंत सिंह भाटीया एवं अन्य बहुत से सदस्य मौजूद रहे।

**गंगोह।** रविवार सुबह हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन उससे बड़ी समस्या बनी सराय में अभी तक सड़क पर पानी का भरा होना, मोहल्ला इलाही बख्श ईदगाह रोड पर अभी तक भरा है पानी, निकलेगा भी कैसे जब गांधीनगर से लखनौती तक कच्चे नाले की नही हुई सफाई, नाले में इतनी घास कूड़ा करकट भरा है।

# अवैध खनन से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**चिलकाना।** थाना पुलिस व राजस्व टीम ने अवैध खनन की रोकथाम हेतु चेकिंग के दौरान अवैध कर रहे दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े है, जिनको थाना लाने के बाद सीज करते हुए इसकी जानकारी खनन विभाग अधिकारी व अन्य उच्च अधिकारियों को दी गई है।

रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी ने बताया है कि सुबह के समय लगभग 6:00 बजे एसआई राजकुमार व राजस्व विभाग टीम द्वारा संयुक्त रूप से बाईपास रोड पर अवैध खनन को रोकने के लिए की जा रही वाहनों की चेकिंग के दौरान अवैध खनन से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली को मौके से पड़कर उन्हें थाना लाया गया था। राजस्व टीम द्वारा सम्बंधित कार्यवाही करने पश्चात इसकी जानकारी खनन विभाग अधिकारी एवं अन्य उच्च अधिकारियों को दे दी गई है, दोनों ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया गया है।

# पहली बरसात में ही कस्बों व गांवों की गलियों में दिखा सड़कों पर जलभराव









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** झमझम बारिश से एक और जहां कई दिनों से पढ़ रही प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिली है। तो वहीं नाला निर्माण के चलते यह बारिश सरसावा नगर वासियों के लिए फिर से मुसीबत से कम नहीं रही। बरसात के कारण सरसावा सहारनपुर मार्ग पर जलभराव हो गया है। जिस कारण राहगीरों को भारी जलभराव के बीच से ही गुजरने को मजबूर होना पड़ वही लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुसने से व्यापारी परेशान थे।

रविवार को अचानक बदला मौसम का मिजाज झमाझम हुई बारिश नगर के कई मोहल्लों में नाला निर्माण एवं नाले के पानी की सही निकासी न होने के कारण लोगों के घरों में जलभराव हो गया। जिससे लोग चिंतित नजर आए। दुकानों में पानी भरने से सामान खराब होने की चिंता व्यापारियों को सताने लगी है। अभी बरसात का सीजन शुरू हुआ ही है। तब अभी ये हाल है तो आगे क्या होगा ऐसा सोचने पर नगर वासी मजबूर है। किससे कहें! आखिर वो जाएं कहां? क्योंकि समाधान की उम्मीद तो अब ना के बराबर ही नजर आ रही है।

क्योंकि यह कोई नई समस्या नहीं है। सालों से चली आ रही समस्या के समाधान की उम्मीद तो अब याहा रहने वाले लोगों ने छोड़ दी है । आज तक नगर पालिका की कमान संभालने वाले जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। आगामी सावन माह में हरियाणा, पंजाब ,राजस्थान,हिमाचल प्रदेश के लाखों शिव भक्त कावड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगा. जल लेकर नगर के इसी मार्ग से गुजरते है। अब इन हालातों में नगर से लाखों कावड़ियों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरने को होना पड़ेगा मजबूर। हालांकि कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर सभी विभागों के अधिकारी महीने पहले से अपनी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में जी जान लगा देते है।पर नगर की जल भराव की समस्या से संबंधित विभागीय अधिकारी भी अनजान बने बैठे है। अब देखना होगा कि क्या शिव भक्त कावड़िए गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर होंगे या फिर अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेकर यात्रा शुरू होने से पहले इस बड़ी समस्या समाधान करते है।

**नकुड़।** रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और तेज गर्मी से परेशान लोगों को झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी। आसमान में छाए काले बादलों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। बारिश की बूंदों ने जमीन को भी राहत पहुंचाई।

लगातार बढ़ते तापमान के बीच आई बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया, तथा लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। मौहल्ला बंजारान, महादेव, जोगियान, मदनी चोंक, सुजादपुरा, चौधरियान, सादलगंज, बाल्मीकि बस्ती सहित कई मौहल्लों की सड़कों पर पानी भर गया। बारिश से न केवल वातावरण में ठंडक घुली, बल्कि बच्चों ने भी इस मौके को जमकर इंजॉय किया। पानी से लबालब भरी गलियों में बच्चों ने कागज की नावें चलाकर और बारिश में भीगकर खूब मस्ती की। हालांकि कुछ मौहल्लों में जलभराव से लोगों को असुविधा भी हुई। दोपहर बाद निकली धूप ने थोड़ी गर्मी जरूर लौटाई, लेकिन सुबह की ताजगी और बारिश की ठंडक लोगों के दिन को यादगार बना गई।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** भीषण गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को एक और बारिश से राहत मिली तो दूसरी ओर बरसात के साथ आए तेज तूफान के कारण आम की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का तांडव झेल रहे लोगों ने रविवार को हुई तल्हेडी क्षेत्र में सीजन की पहली बारिश से राहत की सांस ली है। लेकिन दूसरी ओर बारिश के साथ आए तेज आंधी तूफान ने आम की फसलों को भारी नुकघ्सान पहुंचाया है।जिसके कारण आम की फसलें तैयार कर रहे किसानों के चेहरों पर मायूसी छाई हुई है।तेज रफ्तार तूफान में किसानों की आंखों के सामने कच्चे आम टूट टूटकर बिखर गए जिन्हें देखकर किसानों के दुख का ठिकाना नहीं रहा।कई जगह तूफान से पेड़ भी टूटकर धराशाई हो गए जिससे राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ा।तेज रफ्तार तूफान के कारण उन्होंने उपयुक्त स्थानों पर खड़े होकर अपनी जानमाल की रक्षा की। उधर कस्बे में दुकानदारों के फ्लैक्स बोर्ड ओर ठेला पटरी वालों की छतरियां उखड़ कर सड़कों पर जा गिरी। जिससे दुकानदारों में अफरातफरी मची रही।दुकानदारों का कहना है कि गर्मी से राहत तो मिली लेकिन तेज तूफान के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।

**गंगोह।** रविवार सुबह आसमान में छायाएं काले बादलों ने दिन में ही रात कर दी। इसके बाद तेज हवाओं के साथ तेज बारिश ने पूरे गंगोह को पानी-पानी कर दिया। तेज बारिश से नगर की सडकों ने नदियों बन गई। किसान में खुश नजर आए। इस कारण नगर में कई-कई जगह पानी भी भरा गया जिससे लोगों को परेशानी का सामान करना है। इसके साथ छोटे-छोटे बच्चों ने गर्मी को दूर करने के लिए बारिश में भीगकर स्नान किया। शनिवार शाम से ही आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया था लेकिन लोग इसलिए इन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे थे कि अब तक घने बादल आने के बावजूद इतना ज्यादा पानी नहीं बरसा था। रविवार सुबह आसमान में छायाएं काले बादलों ने दिन में ही रात कर दी। इसके बाद तेज हवाओं के साथ तेज बारिश ने पूरे गंगोह को पानी-पानी कर दिया। बारिश के कारण सडकें नदियों का आकार ले गई। सिनेमा मार्ग, दूधला रोड, मेटाडोर स्टैंड, राम बाग मार्ग के अलावा पूरा सराय पट्टी क्षेत्र तालाब बना रहा। सडकों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों के पानी में फंस जाने के कारण उन्हें धक्का मार कर बाहर निकालना पड़ा। यही नही बारिश से दुकानों व घरों में भी पानी भर गया जिससे उसकी चपेट में आया सामान भी खराब हो गया। बारिश से बच्चे ज्यादा खुश दिखाई दिए तथा भीगते रहे। तेज बारिश के कारण आपूर्ति पूरी तरह ठप रही।

# कार से स्कूटर टच होने के कारण कार सवार लोगों ने युवक को मारपीट कर जंगल में छोड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्कूटर कार से टच हो जाने से नाराज भायला गांव के कुछ लोगों ने युवक को जबरदस्ती कार में खीच कर मारपीट कर जंगल में ले जाकर छोड दिया। परिजनों के हंगामा करने के पांच घंटे बाद पुलिस ने युवक को घायलावस्था में बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। नगर के मोहल्ला लहसवाड़ा निवासी लियाकत का पुत्र 16 वर्षीय राहिल शनिवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे स्कूटर से किसी काम से एमबीडी चौक पर आया था। इस दौरान भायला गांव के कुछ लोग वहां से कार से गुजर रहे थे। बताया जाता है कि भीड़ की वजह से स्कूटर कार से टच हो गया। जिससे उसमें थोड़ी स्क्रैच पड़ गई। इस बात से नाराज उक्त लोगों ने राहिल को कार में खींच लिया और उसे साथ ले गए। बीच बाजार हुई घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहिल के परिजनों को जानकारी हुई तो वह पूर्व सभासद तौफीक जग्गी के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस को घटनाक्रम बताते हुए किशोर की बरामद को लेकर उन्होंने हंगामा किया। हरकत में आई पुलिस राहिल की तलाश में जुट गई। सीसीटीवी कैमरों की मद्द से पुलिस ने पांच घंटे बाद रात करीब ढाई बजे राहिल को भायला के निकट जंगल से घायलावस्था में बरामद किया। जिसका उपचार कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस का कहना है कि राहिल के बड़े भाई मोईन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# दामाद की शिकायत पर पुलिस ने मामला किया दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी और चार लाख रुपये मांगने के आरोप में पुलिस ने दामाद की शिकायत पर सास और ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बचीटी गांव निवासी मोहतसिम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि थाना चरथावल क्षेत्र के कुटेसरा में उसकी शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल के लोग उसे परेशान करते रहते हैं। पीड़ित के मुताबिक गत 11 मई को ससुर ने फोन कर धमकी दी अगर चार लाख रुपये नहीं दिए तो झूठे मुकदमे में फंसा देगा। जिससे वह और उसका परिवार डरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर ससुर यासीन, साला फरमान, नोमान, सास महकारा समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सिख समाज की तरक्की आपसी मतभेद भुलाकर ही संभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिखों के सबसे पवित्र स्थानों में से एक श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज ने कहा कि सिख समाज को आपसी मतभेद भुलाकर एक पहचान और एक निशान पर आना होगा तब ही पंथ की तरक्की संभव है।

पनियाली कासिमपुर स्थित गुरुद्वारा श्री हरगोबिंद साहिब में आयोजित हुए कार्यक्रम में जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज ने कहा कि हमें गुरु गोबिंद सिंह महाराज की बख्शी दात सिंह व कौर शब्द को अपने नाम के आगे जरूर लगाना चाहिए, यह हमारी पहचान है। कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब दुनियां का मार्ग दर्शन करने वाले ग्रंथ है। इसके बताए मार्ग पर चलकर ही हमारा जीवन सफल हो सकता है। गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधक बाबा रणजीत सिंह ने कहा ऐसा पहली बार हो रहा है कि अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार छोटे छोटे




स्थानों पर जाकर संगत को जोडने का काम कर रहे हैं।

इस दौरान जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज को सिरोपा, शॉल, कृपाण व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व हजूरी रागी सतनाम सिंह ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। संचालन हरजीत सिंह ने किया। बाबा अजीत सिंह, बाबा छबेग सिंह, रविंद्र सिंह, मनजोत सिंह, बलदेव सिंह, हरचरण सिंह बेदी, चरणप्रीत सिंह, राजपाल सिंह, पवित्र सिंह, सेठ कुलदीप कुमार, गुरजोत सिंह सेठी, कृपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# बारिश से लोगों को मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आसमान पर छाई काली घटा और जमकर हुई बारिश से प्रचंड गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिली। वहीं, नगर के निचले इलाकों में बारिश का पानी भर जाने और विद्युत सप्लाई बाधित हो जाने के कारण लोगों को खासी परेशानी भी हुई। नगर के जागरूक लोगों ने पालि. का अध्यक्ष से बरसात से पूर्व नालों की अच्छी तरह सफाई कराने की मांग की है।

रविवार की सुबह हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। देवबंद क्षेत्र में प्री-मानसून की पहली बारिश 81 एमएम रिकार्ड की गई। जिससे दिन भर मौसम खुशगवार बना रहा। लेकिन नगर के निचले इलाकों में बारिश के पानी की उचित निकासी न होने के कारण कई घंटों तक सडकों पर पानी भरा रहा जिससे लोगों को खासी परेशानी हुई। तेज बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर बिजली के पोल झुक जाने के चलते नगर व देहात की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। कई घंटों के बाद विद्युत सप्लाई शुरू हो सकी। लेकिन देर शाम तक नगर में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वहीं, प्री मानसून की यह बारिश खेत खलिहानों के लिए भी लाभदायक रही।

क्षेत्र के किसान प्रशांत, राजीव, किशोर, मुशर्रफ, आस मोहम्मद आदि का कहना है कि भीषण गर्मी से जमींने पूरी तरह सूख गई थी। आज जमकर हुई बारिश ने मिट्टी को नरम कर दिया है। यह बारिश बागों में खड़ी विभिन्न फसलों के लिए भी लाभदायक है। उधर, नगर के जागरूक लोगों ने पालिका प्रशासन से बरसात से पूर्व नगर के समस्त नालों की अच्छे से साफ सफाई कराने की मांग की है जिससे नगरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# समाधान दिवस में आई 15 शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समाधान दिवस महीने के द्वितीय और अंतिम शनिवार को लगाया जाता है। जिससे क्षेत्र के किसानों की अन्य मामले की छोटी से छोटी समस्या सुने और समाधान किया जाए। ब्लॉक कासमपुर गढ़ी के एयरकंडीशन कार्यालय में बैठे विभागीय अधिकारी आना तक गवारा नहीं समझते और अपनी जगह चपरासी को भेज दिया जाता है। यही हॉल अन्य विभागों का भी है। इसी कारण ब्लॉक कार्यालय सहायक एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को एसडीएम रितू रानी ने फटकार कर मौके से भगा दिया गया। विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को एसडीएम रितू रानी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस में समस्या सुनने पहुंची।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी भी उपस्थित रहे। कुल 15 शिकायती पत्र आए। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। बाकि सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दी गई।

राजस्व विभाग के लेखपालों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करते हुए आमजन से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व व भूमि सम्बंधी मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के सम्मुख निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# मेधावी युवाओं ने नीट परीक्षा में हासिल की सफलता







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र के मेधावी युवाओं ने अपने परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कासिमपुरा रोड निवासी हाजी शाह आलम कासमी के होनहार पुत्र फैज आलम ने नीट परीक्षा में 571 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा में सफलता का परचम लहराने पर नगर के गणमान्य लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सांपला बक्काल निवासी स्व. मकसूद कल्लन के पौत्र सुहैल गुलफाम ने नीट की परीक्षा में 564 अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की। उनकी इस सफलता पर गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। मौहल्ला पठानपुरा बेरियान निवासी प्रवेज अंसारी के बेटे मौ. माज अंसारी ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। मौ. माज अंसारी के चाचा इंजीनियर मुस्तफा अंसारी व शाहनवाज अंसारी ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि माज की यह सफलता उनका कठिन परिश्रम एवं समर्पण है। उन्होने नीट जैसी कठिन परीक्षा को पास कर सिद्ध कर दिया है। कि सपनों को साकार करने के लिए मेहनत ही सबसे बडा हथियार है।

# जनक्रांति मूवी से पेंशन आंदोलन को मिलेगी मजबूती

## पुरानी पेंशन की बहाली ही होगी स्व. डा. राम आशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विजय बंधु अर्श सिटी सदरौना, पारा, लखनऊ में अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु द्वारा पेंशन आंदोलन पर बनाई गई जनक्रांति मूवी रिलीज की गई और शहीद डॉ. राम अशीष सिंह की प्रतिमा का अनावरण स्व. डॉ. राम अशीष सिंह के परिजनों यथा उनकी पत्नी रुचि मल्ल, सुपुत्र श्रेयांश सिंह, दिव्यांश सिंह, उनके भाई रामपाल सिंह व राम प्रवेश सिंह की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली ही डॉ. राम अशीष सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और जनक्रांति मूवी से पेंशन आंदोलन को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य महासंघ के महामंत्री अशोक कुमार व टी.सी. एस. के विवेकानंद आर्य ने कहा कि डॉ. राम अशीष की शहादत को बेकार नहीं जाने देंगे।




पी. डब्लू.डी. कर्मचारी संघ के भारत यादव व लेखपाल संघ के राममूरत यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में डॉ. राम आशीष सिंह महापुरुष थे। उ.प्र. पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री रामेंद्र श्रीवास्तव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के रामराज दुबे ने कहा कि जिस दिन डॉ. राम अशीष के कारण ही आज पेंशन आंदोलन अपने चरम पर है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा दृढ़संकल्पित है और जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि आज भारत के चार राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी पुरानी पेंशन बहाल हो गई है और सरकार को भी अब पुरानी पेंशन बहाल कर देनी चाहिए। सिंचाई विभाग के कर्मचारी नेता नरेंद्र कुमार व अमित कुमार ने कहा कि जनक्रांति मूवी डॉ. राम अशीष सिंह के जीवन पर प्रकाश डालने का काम करेगी । डिप्लोमा फार्मासिस्ट के नेता श्रवण सचान व प्राथमिक शिक्षक महासंघ के हरिशंकर राठौर ने कहा कि डॉ. राम अशीष सिंह शिक्षक व कर्मचारियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम का संच. ालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरज पति त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. आशाराम, सत्येन्द्र राय, डॉ. आनंदवीर सिंह, विजय प्रताप, रंजना सिंह, विक्रमादित्य मौर्य, रजत प्रहरी, कुलदीप सैनी, पंकज यादव, अमित कुमार, संजय यादव, संदीप वर्मा, रवींद्र वर्मा, ओम प्रकाश, वीरेंद्र पटेल, संजय उपाध्याय, राकेश रमन, जनार्दन शुक्ला, राजेश जायसवाल, दानिश इमरान, आशीष वर्मा, रजनीश कुमार, तालिब हसन, गजेंद्र कुमार शर्मा, राजेश कुमार रवि, उमेश कुमार राजपूत, सुभाष चंद्र यादव, मनीष कुमार शर्मा, राजन खान, मुनि राम, रजनीश सहगल, जगदीश गंगवार, मनीष गंगवार, नरेंद्र प्रताप, कुलवंत, रविन्द्र कुमार, दिगपाल सिंह समेत मंडलीय पदाधिकारीगण व जिला संयोजक उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर कार्यक्रम

## पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर में गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा की झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चांदपुर पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की।

कस्बा झालू में गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा झालू मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चांदपुर पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की।

कमलेश सैनी ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ है ऐसा देश जहां हर क्षेत्र में समृद्धि और समान अवसर हो। उन्होंने बताया कि मोदी ने सभी देशवासियों के जनधन खाते खुलवाये। जिसमें सभी लाभार्थियों को बहुत लाभ हुआ है और आगे भी हो रहा है। नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया है। यह केवल भाजपा सरकार ही कर पाई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सपना साकार किया है। कश्मीर से धारा हटाई, सभी भारतीय सेनाओं के बीच जा करके सैनिकों का हौसला बढ़ाते हैं। जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं, तब से उन्होंने किसान भाइयों के लिए बिजली की समस्या का समाधान किया। यातायात के लिए हाईवे बनवाए। सभी सड़कों का चौड़ीकरण कराया, आयुष्मान कार्ड का लाभ दे रहे हैं।

इस अवसर पर विदुर कुटी के पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजपाल आर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय वर्मा, बूथ अध्यक्ष हर्ष चौधरी, बूथ अध्यक्ष वरुण कुमार, शिवम अग्रवाल व उनकी समस्त टीम, बूथ अध्यक्ष नीरज चौधरी, सुभाष सिंह, राजीव सिंह, अशोक कुमार, भीम सिंह, अवधेश कुमार, विमल दीप आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शब्बू के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के स्टेशन मार्ग केनरा बैंक स्थित स्थित निवासी वरिष्ठ एवं सम्मानित पत्रकार डॉ. सुहालेह उर्फ शब्बू का दुखद निधन हो गया। कुछ समय से दिल्ली के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पत्रकारिता जगत में अपनी निष्पक्ष लेखनी, बेबाक विचारों और जनहित से जुड़ी रिपोर्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. शब्बू का जाना नगर के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर नगर के सामाजिक,कार्यकर्ताओं, राजनेताओं और पत्रकारों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

डा. एनडी हाशमी, वरिष्ठ समा. जसेवी डॉ. मनोज वर्मा, पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, अधिवक्ता महफूज चौधरी, बसपा नेता हाजी इलियास चौधरी, डा. जानिब हाशमी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, हाजी अख्तर जलील, युवा समाजसेवी असजद चौधरी, भाजपा नेता डा. दानिश कमाल, मनोज भटनागर, आदिल चौधरी, आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, शुगर मिल अधिशासी सुखबीर सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान नफीस अंसारी, डा. हसन सिद्दीकी, आमिर चौधरी, गौहर चौधरी, नासिर उर्फ आदिल चौधरी, इमरान अख्तर उर्फ सनी चौधरी, फहीमुर्रहमान चौधरी, शाहाबाज जमाल, डॉ. कफील अहमद, खलीक चोधरी, डा. जुनैद जैदी, सो. हेल जफर, डा. तफज्जुल, आसिफ चौधरी, राकिब चौधरी, नजीब. ुलहसन, सुरेंद्र अरोड़ा, प्रधान कासिम अंसारी, इफ्तेखार चौधरी, शुऐब, पूर्व सभासद मुस्तकीम अहमद, भाजपा नेता अकरम अंसारी, जिया चौधरी, अफजल चौधरी, रिफाकत चौधरी, डॉ. खुर्शीद कुरैशी, नय्यर चौधरी. डा. अजीम, डा. अदनान जैदी, डा. खलीउल्ला, शमशाद एडवोकेट, डा. साबिर, डा. इमरान, डा. आसिम लैब वाले व अन्य तमाम लोगों ने एवं पत्रकार यूनियन के पदाधिकारी और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। सभी ने कहा कि डा. शब्बू ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाकर कार्य किया। वे हमेशा समाज की समस्याओं को बेबाकी से उठाते रहे। उनके निधन से समाज को एक सच्ची आवाज और ईमानदार पत्रकार खोना पड़ा है। नगर के विभिन्न संगठनों और प्रेस क्लब की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

डॉ.शब्बू का शव बाद नमाजे जौहर सैकड़ों नम आंखों के साथ सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। वही शाह टाइम्स परिवार ने भी गहरा दुख प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा हुआ है।

## ठेले वाले को मारपीट कर किया घायल

**नांगल सोती।** कुछ युवकों ने एक ठेला स्वामी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित के पिता की तहरीर पर चार युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नांगल सोती में राजा भरत सिंह इंटर कालेज के समीप अमित तोमर मोमोज का ठेला लगाता है। शनिवार की रात १० बजे वह अपना काम समाप्त कर ठेला बंद कर रहा था। तभी नांगल के मोहल्ला कैथवाड़ा के कुछ युवक आए और ठेला स्वामी अमित से मोमोज की मांग की, जिस पर ठेला स्वामी ने युवकों को बताया कि मोमोज खत्म हो गई है, इसी बात को लेकर उक्त युवक आग बबूला हो गई, जिसके बाद उक्त युवकों और ठेला स्वामी में गाली गलौच के बात मारपीट शुरू हो गई, इस घटना में ठेला स्वामी अमित कुमार बुरी तरह घायल हो गया, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद मारपीट कर रहे युवक मौके से फरार हो गए।

# धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्रीराम की सेना चली

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। न्यू हिंदू कॉलोनी कालिया वाले मंदिर के सामने श्रीकांत अग्रवाल के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसका शुभारंभ राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली सबको बहुत अच्छा लगा सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। आयोजक परिवार में श्रीकांत अग्रवाल, हरिओम, लाला राजकुमार, मनी देवी, दिशांकर प्रजापति, अमित यादव, आकांश, पुष्पक, अभिषेक सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद भगवत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राजकुमार प्रजापति, मोती शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नाट्यदीप कार्यशाला कला, संवेदना व सामाजिक चेतना का संगम: सुमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नाट्यदीप संस्था द्वारा उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से थिएटर कार्यशाला के अंतर्गत अभिनय की तकनीकों, वॉयस मॉडुलेशन, बॉडी मूवमेंट, सीन वर्क, स्पेस यूटिलाइजेशन, भावाभिव्यक्ति, और संवाद अदायगी जैसे महत्वपूर्ण रंगमंचीय पक्षों पर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नाट्यदीप संस्था की अध्यक्ष सुमन सिंह ने कहा कि कार्यशाला में प्रतिभागी न केवल अभिनय की तकनीकी विधाओं से रूबरू हो रहे हैं, बल्कि थिएटर के उस जीवंत पक्ष को भी आत्मसात कर रहे हैं जहाँ कला, संवेदना और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम होता है। यह प्रक्रिया प्रतिभागियों को रंगमंच की सतह से उठाकर उन गहराइयों तक ले जा रही है, जहाँ हर पात्र केवल अभिनय के बजाय उसे जी रहा है।

निर्देशक जय तिवारी ने कहा कि रंगमंच केवल मंच पर अभिनय भर नहीं, बल्कि आत्म-अन्वेषण, भावों की गहराई और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की यात्रा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ - साथ, स्थानीय स्तर पर रंगमंच की एक सशक्त संस्कृति को विकसित करना है।

डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि बी.एन.ए. लखनऊ से प्रशिक्षित निर्देशक जय तिवारी प्रतिभागियों को थिएटर के विविध आयामों पर गहन प्रशिक्षण दे रहे हैं।

श्री तिवारी का यह प्रयास रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन के माध्यम के रूप में युवाओं और नवोदित रंगकर्मियों के लिए प्रेरणास्पद बन रहा है।

# BCCI ने रणजी ट्रॉफी का फार्मेट बदला

## ● अब एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा, दिलीप ट्रॉफी फिर जोनल टीमों में होगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के फार्मेट में बदलाव किया है। अगले सीजन से इस टूर्नामेंट में एक-एक टीमों को प्रमोट और रेलीगेट किया जाएगा। ये बदलाव बीसीसीआई के सभी एज ग्रुप टूर्नामेंट में लागू होंगे। यह फैसला शनिवार को अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में हुआ है।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा है कि सभी मल्टी-डे मेंस टूर्नामेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सीजन से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा। जबकि एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा। अब तक रणजी के हर सीजन के बाद 2 टीमों को प्लेट से एलीट ग्रुप में प्रमोट किया जाता था। जबकि, सबसे निचले स्थान पर रहने वाली 2 टीमों को एलीट से प्लेट ग्रुप में रेलीगेट किया जाता था।

रणजी ट्रॉफी का 2025-26 सीजन 15 अक्टूबर से 28 फरवरी तक दो राउंड में होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नाकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की जोनल फार्मेट में वापसी हो गई है। यह इस सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा।

ईरानी कप एक से पांच अक्टूबर तक खेला जाएगा। बोर्ड ने कहा- श्टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट सहित सभी वनडे टूर्नामेंट में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है। अब तक नाकआउट चरण में टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेलती थी, लेकिन इस सीजन से टाप टीमों को सुपर लीग में तीन और मैच मिलेंगे।

ग्रुप ए और बी की टाप टीमें फाइनल खेलेंगी। बाटम-6 टीमें प्लेट ग्रुप में शामिल होंगी। एसएएमटी 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई के वाइट बाल के सभी टूर्नामेंट में लीग राउंड में बराबरी पर रहने वाली टीमों में से आगे बढ़ने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट में यह नियम पहले से लागू है। इसे डोमेस्टिक में भी शामिल किया गया है। क्यों बदलना पड़ा फार्मेट? बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में 9 नई टीमों को शामिल किया था, इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे रणजी ट्रॉफी में क्रिकेट की क्वालिटी प्रभावित हुई। मेघालय को पिछले सीजन में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड से पांच टी-20 खेलेगा भारत

## ● तीन वनडे मैच भी आयोजित होंगे, 11 जनवरी को पहला मैच, बीसीसीआई ने 8 को होस्ट बनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने शनिवार को न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेडयूल जारी किया।

इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी। जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजेक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबा. नी करेंगे। इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा।

टीम इंडिया ने 2024 में द. अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। भारत के होम कैलेंडर में 3 सीरीज शामिल इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को विंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज व द. अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैच खेलने है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर आस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी।



# इंडिया इंट्रा-स्क्वाड मैच में सरफराज खान का शानदार शतक

## ● भारत ए ने बनाए 299/6, सिराज-कृष्णा को 2-2 विकेट

**बेकनहम, वार्ता।** बेकनहम में चल रहे इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच के दूसरे दिन सरफराज खान ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए मुख्य भारतीय टेस्ट टीम के खिलाफ धमाकेदार शतक जड़ा। 27 वर्षीय बल्लेबाज ने महज 76 गेंदों में 101 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि जसप्रीत बुमराह के लिए यह दिन फीका रहा और वे 7 ओवर में एक भी विकेट नहीं ले सके।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ए का स्कोर 299/6 था, जिसमें ईशान किशन 45 रन और शार्दुल ठाकुर 19 रन पर नाबाद हैं। दिन का सबसे बड़ा आकर्षण सरफराज का तूफानी शतक रहा, जिसमें 15 चौके और 2 छक्के शामिल थे। अन्य खिलाड़ियों को बल्लेबाजी का मौका देने के लिए उन्हें रिटायर्ड आउट कर दिया गया। इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का यह प्रदर्शन उनकी प्रतिभा को मजबूती प्रदान करता है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में 92 रन बनाए थे। 20 जून से शुरू हो रही इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सरफराज को टीम में जगह नहीं मिली है। ऋतुराज गायकवाड़ 2 गेंदों पर ही आउट हो गए पारी की शुरुआत में, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट दो गेंदों पर खो दिया, जिन्हें मोहम्मद सिराज की गेंद पर ऋषभ पंत ने कैच किया। हालांकि, अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 और साई सुदर्शन ने 38 रन बनाए। दोनों टेस्ट टीम का हिस्सा हैं । सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को दो-दो विकेट मिले भारतीय गेंदबाजों में, सिराज (2/86) और प्रसिद्ध कृष्णा (2/41) ने उल्लेखनीय योगदान दिया, जबकि नितीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह प्रभाव नहीं छोड़ सके और 7 ओवर में 36 रन देकर विकेटविहीन रहे। अर्शदीप सिंह (12 ओवर में 0/52) भी कोई विकेट नहीं ले सके। पहले दिन भारत की बल्लेबाजी में कप्तान गिल व राहुल ने अर्द्धशतक जड़े।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया

## ● भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली करारी शिकस्त, दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही





**एंटवर्प, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा हैं।

यहां खेले गए मुकाबले में संजय ने मैच के शुरुआती तीसरे मिनट में गोलकर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि इसके एक मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड ने गोल. कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अगले ही मिनट में ब्लेक गोवर्स ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद 18वें मिनट में कूपर बर्न्स ने गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। इस गोल के बाद भारतीय टीम दबाव में दिखी और ऑस्ट्रेलिया टीम आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दोनों टीमों को पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वे उसे भुनाने में विफल रही।

पहला हाफ ऑस्ट्रेलिया के दो गोल से आगे रहने के साथ समाप्त हुआ। दस मिनट के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने नए जोश के साथ मैदान में वापसी की। 36वें मिनट में दिलप्रीत बेहतरीन मैदानी गोलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कुछ ऐसे क्षण थे जब भारत बराबरी कर वापसी कर सकता था लेकिन वे मौके का फायदा नहीं उठा सके।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

### ● भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की

कोंटिच, वार्ता। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय जूनियर महिला टीम ने शनिवार को को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के लिए जोसी लॉटन ने (पांचवें) मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। भारतीय टीम की नंदिनी ने थोड़ी देर बाद ही आठवें मिनट में इसका जवाब देते हुए गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की उप कप्तान हिना बानो ने (14वें) मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोलकरने के कई मौके भुना नहीं पायी। भारतीय टीम की रक्षापंक्ति ने ऑस्ट्रेलियाई हमलों को विफलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारतीय टीम की यह लगातार चौथी जीत है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब 17 जून को नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने विश्वकप में जीता गोल्ड

## ● 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर




**बर्लिन, वार्ता।** आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने बर्लिन में खेले जा रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नार्वे के जीनेट हेग डयूस्टैड और जान-हरमन हेग ने ने। के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रान्ज मेडल जीता।

भारतीय ने गोल्ड, चीन की जोड़ी ने सिल्वर और नार्वे की जोड़ी ने ब्रान्ज मेडल जीता। बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पाइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रान्ज मेडल जीते थे। भारत अब चीन (छह) और नार्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रान्ज मेडल जीते हैं, जबकि नार्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रान्ज मेडल जीतकर पाइंट टेबल में टाप स्थान पर है।

## जेक फ्रेजर-मैकगर्क की तूफानी फिफ्टी

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** जेक फ्रेजर-मैकगर्क के 38 गेंदों में (88) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारी के बाद जेवियर बार्टलेट और हारिस राउफ (चार-चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क शनिवार को खेले गए मुकाबले में 38 गेदों में 11 छक्के और दो चौके लगाते हुए (88) रनों की पारी खेलते अपनी टीम का स्कोर आठ विकेट पर 219 रन का स्कोर पहुंचाया। वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ सीजन के पहले मैच में 151 रन बनाकर एमएलसी इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने वाले फिल एलन 27 गेंदो में 52 रन जड़कर अर्द्धशतक बनाया।

## यूपी में केरल को हरा कर जीता स्वर्ण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल की पुरुष टीम ने कोच्चि में खेले गए नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में केरल की टीम को 21-14 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर प्रदेश टीम इस राष्ट्रीय प्रतियोगता में अपराजित रही है। हर्ष डगर,कुशल सिंह,दिग्विजय सिंह और रिआंशू नेगी की टीम में यह थ्री ऑन थ्री नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर 23 जीती। यूपी ने तेलंगाना को सेमी फाइनल में 19-17 से पराजित किया जबकि क्वार्टर फाइनल में यूपी ने मध्य प्रदेश को 21-14 से हराया था। 11 से 13 जून तक खेली गए टूर्नामेंट के लीग मैच में दिल्ली , मिजा. रम , गुजरात और गोवा को हरा कर यूपी टीम इस पूरी प्रतियोगता में अपराजित रही। इस वर्ष यह यूपी बास्केटबॉल टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगताओं में दूसरा पदक है । इससे पहले सीनियर नेशनल थ्री ऑन थ्री बास्केटबॉल चैंपियनशिप पुरुष में रजत पदक जीत था।

## खेल विशेष

### प्रणति ने एशियाई जिम्नास्टिक्स में वॉल्ट में जीता कांस्य

**द. कोरिया, वार्ता।** भारत की प्रणति नायक ने एशियाई कलात्मक जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इस तरह उन्होंने महाद्वीपीय मीट के इतिहास में सबसे सफल भारतीय जिमनास्ट के रूप में अपनी पहचान और मजबूत कर ली है। जेचियन जिमनैजियम में प्रतिस्पर्धा कर रही 30 वर्षीय ओलंपियन ने 13-466 का संयुक्त स्कोर बनाया और चीन की झांग यिहान और वियतनाम की गुयेन थी क्विन न्हू के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। प्रारंभिक दौर में 13-083 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली नायक ने पदक दौर में अपने पहले वॉल्ट में 13-666 के स्कोर के साथ जोरदार शुरुआत की। हालांकि, 12-866 के दूसरे प्रयास में वह थोड़े निराशाजनक रहीं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। यह नायक का महिलाओं की वॉल्ट में तीसरा एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य है, जो उलानबटार (2019) और दोहा (2022) में उनके पिछले पोडियम फिनिश

## राडुकानू ने बर्लिन ओपन से नाम लिया वापस

**लंदन, वार्ता।** ब्रिटेन की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू ने पीठ की समस्या के कारण सोमवार से शुरु हो रहे बर्लिन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। 22 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन से पहले पिछले महीने स्ट्रासबर्ग में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से पीठ की समस्या से जूझ रही हैं। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन ने शुक्रवार को क्वींस में झेंग किनवेन से क्वार्टर फाइनल में हारने के दौरान ऑफ-कोर्ट मेडिकल टाइमआउट लिया। राडुकानू ने कहा कि यह पिछले कुछ हफ्तों से चल रहा है, और मुझे पहले भी पीठ की समस्या हो चुकी है। यह मेरी कमजोरी है।

# द. अफ्रीका की महिला टीम ने विंडीज को हराया

## ● एन म्लाबा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए , दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-1 से बराबरी की

**केव हिल, वार्ता।** सुने लूस (76), नोंडुमिसो शंघासे (55) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद एन- म्लाबा (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रनों से हराया दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है।

वेस्टइंडीज की टीम ने शनिवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 16वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने लॉरा वुलफार्ट (28) को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। 19वें ओवर में ऐफी फ्लेकर ने तेजमिन ब्रिट्स (26) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नोंडुमिसो शंघासे और सुने लूस की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने नोंडुमिसो शंघासे को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। नोंडुमिसो शंघासे ने 48 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (55) रनों की पारी खेली। मैरीजान कैप्प (32), सिनालो जाफ्टा(दो) रन बनाकर आउट हुई। 43वें ओवर में आलिया ऑलेन ने सुने लूस को आउट किया। सुने लूस ने 65 गें. दों में आठ चौकों की मदद से (76) रन बनाये। एनरी डर्कसन (37), क्लोई ट्राइऑन (28) फ्लेचर का शिकार बनी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 309 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से एफी फ्लेचर ने चार विकेट लिए। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 310 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 50 ओवरों में 269 के स्कोर पर सिमट गई और 40 रनों से मुकाबला हार गई। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक (56) रनों की पारी खेली। शमैन कैंपबेल ने (53) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे शिनेल हेनरी (39), जायडा जेम्स (18), जैनिलिया ग्लास्गो, स्टेफनी टेलर और किआना जोसेफ (17) रन बनाकर आउट हुई।

## जीत की हकदार थी दक्षिण अफ्रीका: कमिंस

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब बचाने की उम्मीदें लॉर्ड्स में दिल टूटने के साथ खत्म हो गईं। कप्तान पैट कमिंस ने हार को स्वीकार करते हुये कहा कि दक्षिण अफ्रीका सही मायनो में जीत की हकदार थी। अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम से कमिंस की टीम पांच विकेट से हार गई। शुरुआती नियंत्रण के बावजूद यह मुकाबला निर्णायक रूप से आस्ट्रेलिया के पक्ष में नहीं गया।



# तेज मूसलाधार बारिश चंद घंटों में बनी आफत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के बाद आज मूसलाधार बारिश ने मौसम खुशनुमा बना दिया वहीं नगर के अधिकांश वार्डो में जलभराव की स्थिति बनी रही। जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा।

वार्ड 54 नूर बस्ती की दिनेश विहार कालोनी में बरसात के बाद हुए जलभराव में नालियों की गदंगी सडकों पर आ गयी। जिसमें कीडों की फौज साफ देखी जा रही थी। पार्षद गुलशन कलीम का कहना है कि ईद उल अजहा पर वार्ड में सफाई नायक ने काम नही किया था जिसके कारण आज पहली बरसात में ही वार्ड के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा।

वार्ड 56 के मिद्दे वाली गली गफ्फार वाली गली संगम विहार हाजी असगर वाली गली में पानी घरों में घुस गया यहां लोगो को अपना सामान बचाना मुश्किल हो गया था। वही वार्ड 60 की हयात कालोनी गली नंबर 1,2,3,अमन प्लेस के सामने से आने वाले मेन रोड व फैसल टाउन की अनेक गलियों मे भी पानी सड़कों व घरों में नजर आया वार्ड 36 में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला गोल कोठी से लेकर सिराज कालोनी तक लगभग 1. 50 किलोमीटर लम्बा मेन रोड तालाब की शक्ल मे नजर आया जिससे मेंन रोड पर बने मकान दुकान लकड़ी के शो रूम में फिटो के हिसाब से पानी भर गया जिसमे आम जन को भारी नुकसान हुआ है। खाता खेड़ी मेन रोड टूटा होने के कारण आम जन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के चलते दुर्घटनाए भी हो रही है।

## जलभराव वाले स्थानों का किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज झमाझम बारिश के बीच निगम अधिकारियों के साथ शहर में जलभराव की समस्या का जायजा लिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि झमाझम बारिश के बीच निगम अधिकारियो के साथ थाना सदर चौक पहुंचे। वहां पार्षद गौरव कपिल व कॉलोनीवासियों ने बताया कि जल निक. ासी न होने से गिल कॉलोनी के अनेक घरों में पानी भर जाता है। इस पर उन्होंने सीएम ग्रिड कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को करीब 70 मीटर लाइन बिछाकर सीवर से लिंक करने तथा निर्माण विभाग व महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार को जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वकर्मा चौक से ढमोला की सफाई तथा पुल जोगियान से पांवधोई नदी का भी निरीक्षण किया। धोबीघाट पर पांवधोई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पुल के निकट उसका सौंदर्यीकरण कराकर वहां वेंडर जोन बनाये जाने का सुझाव दिया।

नगरायुक्त ने पुराना कलसिया रोड पर जलभराव देखकर निर्माण विभाग को तत्काल कच्चा नाला बनवाकर जल निकासी करने तथा स्थायी समाधान के लिए करीब 500 मीटर नाले का निर्माण कराने के निर्देश दिए।

# विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए 270 लोगों की याद में शनिवार शाम नगर पालिका सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नकुड़ प्रेस क्लब के तत्वावधान में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता व नगरवासी शामिल हुए, तथा मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

सभा में बोलते हुए पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि यह हादसा देश और मानवता के लिए अपूरणीय क्षति है। ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी व नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने इसे समस्त समाज को झकझोर देने वाली त्रासदी बताते हुए कहा कि पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

भाजपा नेता पवन सिंह राठौर ने घटना को अत्यंत दुखद बताया। प्रेस क्लब अध्यक्ष इंद्रेश त्यागी ने कहा कि मानवता के नाते हम सबका दायित्व है कि मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करें। संजीव चौधरी, राजेश त्यागी, शिवचरण वर्मा, संदीप धीमान, मास्टर राजेश चौधरी, डॉ. राजकुमार प्रजापति, सभासद वरुण मित्तल, अनुज अग्रवाल, जुनैद असगर, पूर्व सभासद डॉ. इदरीश, राकेश गुप्ता, रजनीश नामदेव, नवीन धीमान, काजी शाहिद अहमद, राजन शर्मा, विपिन आर्य, राजेश जैन, अंजू त्यागी, सुधा शर्मा समेत आदि कई लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# निर्धन कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बामियान बौद्ध विहार के संस्थापक व समाजसेवी दिवंगत ज्ञानचंद आजाद की 76 वीं जयंती पर निर्धन कन्याओं के साम. ूहिक विवाह के साथ ही मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।



बामियान बौद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि ज्ञानचंद आजाद बाबा साहब के सच्चे अनुयाई थे। जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण शिक्षा के लिये किया गया कार्य स्व.आजाद को सच्ची श्रद्धांजलि है। पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने नव विवाहित जोडो को आशीर्वाद दिया। पूर्व मंत्री काजी शायान मसूद ने स्व.ज्ञानचंद द्वारा किये गये कार्यो को सराहनीय बताया।

कार्यक्रम में कस्तूरी गौतम, शिक्षक देवेंद्र पाल धवलहार को सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये नागरिक अभिनंदन से नवाजा गया। गरीब कन्याओं का विवाह संस्कार भंते विनयदीप महाथेरो द्वारा संपन्न कराया गया। आयोजक सतीश गौतम ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में जयराम गौतम, रकम सिंह देवपाल, अजय, डा.महेंद्र, दिनेश बौद्ध, अनिल कश्यप, सावित्री आजाद, जे.पी.देवल, इन्दू गौतम, सुषमा, देव, जितेंद्र, देवेंद्र, सतेन्द्र, संदीप नौटियाल, डा.सुमित गौतम मौजूद रहे। अध्यक्षता डा.एस.के. उपाध्याय व संचालन सुमित गौतम ने किया।

# एक महिला समेत 3 जालसाज पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** तहसील बेहट क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर गांव में दो हजार गज जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर उस जमीन को मालिक बता कर बेचने वाली एक महिला सहित तीन आरोपी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद खान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि विगत 8 दिसंबर 2024 को वादियां श्रीमती वंदना किचलू पत्नी अतुल किचलू निवासी ई 16 एकता अपार्टमेंट साकेत न ई दिल्ली ने थाने आकर लिखित तहरीर देकर बताया कि कुछ लोगों ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कूट रचित तरीके से पेन कार्ड और आधार कार्ड संख्या का उपयोग कर मिनी फर्म को संयुक्त मालिकों की झूठी पहचान से प्लाट बिक्री कर दिया है। इस सम्बन्ध में मुकदमा संख्या 160/2024 धारा 318 (4) 336 (3) 338,340 (2) 61 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत आज रविवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर उक्त मामले में वांछित अभियुक्त श्रीमती जगवती पत्नी सुरेश निवासी सरसावा व आदेश कुमार पुत्र कंटू निवासी जेवडी मुस्तकम उर्फ जोड़ियों नंगली थाना मिर्जापुर के अलावा सोनू कुमार पुत्र नौरतू निवासी रामगढ़ (थाना बिहारीगढ़) को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया, थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म भी कबूल किया है। इस मामले में आरोपी अभियुक्त आदेश कुमार के कब्जे से एक आधार कार्ड और पेन कार्ड भी पुलिस ने बरामद किया है। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक विनित चौधरी, कांस्टेबल लवलेश राठी, महिला कांस्टेबल मनीषा आदि शामिल रहे।

## मौ. अरसलान ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी प्रवेज मलिक के छोटे मौ. अरसलान ने नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट यूजी परीक्षा में मौ. अरसलान मलिक को 540 नम्बर मिले है। उसकी सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। अरसलान मलिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व परिवार के लोगों को देते हुए कहा कि वह समाज व मानवता के लिए काम करें।



# चीफ वार्डन राजेश जैन सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नागरिक सुरक्षा कोर के चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन को शासन से सम्मानित किये जाने पर नगर प्रभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

अपने निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में राजेश जैन ने कहा कि सब लोगों के साथ मिलकर नागरिक सुरक्षा कोर को नई ऊंचाई पर ले जाना ही मेरा मकसद है। उप प्रभागीय वार्डन मौ वसीम अख्तर ने कहा कि राजेश कुमार जैन की निस्वार्थ सेवा प्रतिबद्धता और अनुकरणीय कार्यशाली को मान्यता देते हुए शासन द्वारा सम्मानित किया गया है।

इस मौके पर मौ आलम,उप प्रभागीय वार्डन मौ वसीम अख्तर राकेश जैन, स्टाफ ऑफिसर दीपक गुप्ता, आई सी ओ अर्चना रानी, सरफराज खान पोस्ट वार्डन शहजाद बब्लू, विकास अग्रवाल, विनय जैन, मौ रहमान, सुहैल अख्तर, खालिद सिद्दीकी, रिजर्व, अविनाश जैन,नीना जैन,उप पोस्ट वार्डन रिजर्व डॉ मेहरबान प्रदीप जैन शमीम अहमद मौ जावेद आदि शामिल रहे।

# नशा तस्कर स्मैक व स्कूटी समेत गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को स्मैक व एक स्कूटी के साथ के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।आवश्यक विधिक कार्रवाही के बाद पकड़े गए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण के निर्देशन में नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल व क्षेत्राधिकारी नकुड़ एसएन वैभव पांडेय के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर के नेतृत्व में एसआई राजेश चौधरी, कॉन्स्टेबल विक्रांत, रोहित व अंकित की टीम ने ईदगाह रोड पर श्मशान जाने वाले मार्ग पर चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 30 ग्राम स्मैक व एक स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया।पकड़ा गया अभियुक्त प्रदीप पुत्र ओमसिंह ग्राम साँगाठेड़ा थाना गंगोह का निवासी है।

पूछताछ में अभियुक्त प्रदीप ने बताया कि वह बिहारीगढ़ से सस्ते दामों पर स्मैक खरीद कर लाता है और ऊँचे दामों पर बेच कर खर्च चलाता है।पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाही के बाद अभियुक्त प्रदीप को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

# खेलों से संवारा जा रहा भविष्यः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. जयंत खेलों के माध्यम से युवाओं का भविष्य संवारने में जुटे है।

चौ. नीरपाल सिंह गांव कुटबी में रामकुमार बालियान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि बच्चों में खेल भावना जागृत करने के लिए हमारा गांव गांव जागरूकता अभियान चल रहा है।खेलो के द्वारा बच्चों का भविष्य कैसे बनाया जा सकता है इसके लिए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की टीम जयंत चौधरी के निर्देश पर कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित, सम्मानित किया जा रहा है। कुटबी के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सिद्धान्त चौधरी, जिलाध्यक्ष शारीक चौधरी, प्रदेश महासचिव रुपिन चौधरी, पूर्व प्रधान चौ राजपाल सिंह, चौ राजवीर सिंह, चौ महक सिंह, चौ सहिंदर पाल, विजय सिंह,वीरेंद्र बालियान, मयंक, राहुल, विनय, यश, अंगद, प्रांजल,देव, निशांत पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## शातिर चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया।

नानौता क्षेत्र के गांव सिजूड निवासी जरजीस पुत्र इमरान ने 2 दिन पूर्व थाने में मकान में चोरी की तहरीर देकर कारवाई की बात की थी तभी से पुलिस सभी पहलुओं पर कार्य करते हुए चोरी के खुलासे के लिए प्रयासरत थी रविवार को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने सिजूड जा रहे रास्ते से एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए चोरी की अंगूठी बरामद की। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि वह नशे का आदि है शोक पूरा करने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की उसके हिस्से में चोरी के सामान में एक अंगुठी आई थी उसे बेचने के लिए जाते वक्त पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# देश व प्रदेश की तस्वीर बदलीः मुकेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के जैन बाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल को समर्पित संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में सरकार की उपलब्धियों तथा विकास योजनाओं पर चर्चा की गई।

रविवार को जैन बाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नकुड विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि अब योजनाओं का लाभ सीधे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। बीते 11 वर्षों में भारत ने विकास की ओर तेजी से कदम बढ़ाया है। देश की सोच में भी गहरा सकारात्मक परिवर्तन आया है। पूर्व विधायक महीपाल माजरा ने कहा कि आज भाजपा सरकार के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर सम्मान और शक्ति का प्रतीक बन चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने हर क्षेत्र में प्रभावशाली विकास कार्य किए हैं, जिससे देश और प्रदेश की तस्वीर बदली है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सुमन सैनी, चौ.देव. ीसिंह, रामपाल कश्यप, पंकज सैनी, हरीचंद प्रधान, निशांक जैन, सौरभ कांबोज, इसम सिंह दूबे, महबूब प्रधान, आशु सैनी, हिमांशु गर्ग आदि ने भी विचार रखे।

# पश्चिमी उप्र का निर्माण करे सरकारः वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ग्राम सरदाहेड़ी में आयोजित एक बैठक में भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए पृथक राज्य की मांग को दो. हराया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले शिक्षा के क्षेत्र में सबसे पिछड़े हैं। देश की आजादी के 78 वर्ष बाद भी यहां कोई आईआईटी, आईआईएम या एनआईटी नहीं है, जबकि लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज में ये संस्थान मौजूद हैं।

वर्मा ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेश सरकार को 80% राजस्व देता है, फिर भी पूर्वांचल के नेता सारा धन लखनऊ, सैफई, गोरखपुर, कानपुर और प्रयागराज में खर्च करते हैं। यह 8 करोड़ जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने दावा किया कि पूर्वांचल के लोग 98% आईएएस, आईपीएस, पीसीएस, पीपीएस और अन्य नौकरियों में हैं, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग क्लास 2, 3 और 4 में केवल 7% हैं। उन्होंने कहा कि पृथक पश्चिम प्रदेश बनने से यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की निशुल्क शिक्षा उपलब्ध होगी।

बैठक की अध्यक्षता पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राव शाहिद प्रधान ने की। उन्होंने किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं और छात्रों से एकजुट होकर भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में पृथक राज्य के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक ने कहा कि छोटे राज्यों के निर्माण से देश की उन्नति संभव है और प्रधानमंत्री को राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करना चाहिए।

बैठक में रजत शर्मा, मोहम्मद जहीर तुर्की, धर्मवीर चौधरी, मुनेशपाल, बुद्धू, ऋषिपाल गुर्जर, कृपाल चौधरी, दुष्यंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुमित चौधरी, राव इरफान, राव तहत पुंडीर, राव अफलातून, राव सफदर खान, महबूब हसन, हाजी सुलेमान, हाजी साजिद चौधरी, कोमल सिंह, सतीश कुमार दरोगा आदि उपस्थित रहे।

## करन्ट लगने से गाय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में विद्युत पोल के नीचे एकत्र हुए बारिश के पानी में आ रहे करंट की चपेट में आने से तड़प तड़प कर एक गांय की मौत हो गयी।

रविवार को दोपहर के समय मोहल्ला हामिद हसन से दुमझेड़ा जाने वाले रास्ते पर ट्रांफार्मर के निकट लगे एक विद्युत पोल के नीचे बारिश का पानी एकत्र हो गया था। जिसमें अचानक करंट आ गया, उसी समय नगर के मोहल्ला हामिद हसन निवासी पीड़ित राजू पुत्र रामपाल अपनी गांयो को चराने के लिए वहीं से गुजर रहा था कि एक गांय इसी पानी में आये करंट की चपेट में आ गयी।

जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक गांय ने तडप तडप कर दम तोड़ दिया। राजू ने बताया है कि उसकी गांय ने दो दिन पूर्व ही एक बछिया को जन्म दिया था। गनीमत यह रही कि इस विद्युत पोल की चपेट में कोई बच्चा, गांय का मालिक राजू या वहां से गुजरने वाला कोई अन्य राहगीर नही आया वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।

# पूर्व विधायक सुरेश ने उर्मिला को पत्नी का दिया दर्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ और फिल्म अभिनेत्री उर्मिला के बीच चल रहा विवाद का आज सुखद एहसास के साथ समाप्त हो गया। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ ने फिल्म अभिनेत्री उर्मिला सनावर को अपनी पत्नी स्वीकार करते हुए कहा कि यह सच्चे प्यार की जीत है तो वही उर्मिला ने इस मिशन सिंदूर की जीत बताया।

आज जीपीओ रोड स्थित एक होटल के सभागार में ज्वालापुर के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के साथ फिल्म अभिनेत्री उर्मिला सनावड़ा दुल्हन के लिबास में सज-धज कर पत्रकारों के सम्मुख पहुंची। दोनों के चेहरों पर अजीब सी खुशी और चमक देखी गई। पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने कहा कि वह उर्मिला को पहले से मना करते आ रहे थे कि इस मामले को मीडिया में उजागर न करें क्योंकि अपनी कुछ मजबूरियां थी, जिस कारण वह इस मामले को मीडिया के सामने लाना नहीं चाह रहे थे। 23 में को फिल्म अभिनेत्री उर्मिला सनावर के घर पर हुए हमले की बाबत पूछेंगे, सवाल पर उन्होंने कहा कि यह एक साजिश का हिस्सा है। कुछ लोग उनके विरुद्ध षड्यंत्र रचकर साजिश कर रहे हैं जिस कारण वह साजिश कर्ताओं की साइज का शिकार हुए थे लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं है उन्होंने कहा कि आज उन्होंने उर्मिला को अपनी पत्नी स्वीकार कर लिया है और सार्वजनिक रूप से घोषणा भी कर दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पहली पत्नी और परिजनों को समझ लिया है और अब उर्मिला को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने माना कि वह उर्मिला के सच्चे प्यार के आगे झुक गए हैं और उन्होंने उन्हें अपनी पत्नी स्वीकार कर लिया है। फिल्म अभिनेत्री उर्मिला सनावर से सोशल मीडिया पर उगले गए जहर के प्रति सवाल के जवाब में कहा कि वह उनका गुस्सा था और अपना हक पाने के लिए आदमी को संघर्ष करना पड़ता है और आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और मिशन सिंदूर की लड़ाई में वह सफल हुई है। आज उन्हें उनके पति सुरेश राठौर मिल गए हैं। इसको लेकर वह अत्यधिक उत्साहित भी हैं। उन्होंने कहा कि समाज में दूसरी पत्नी का आंख पाना सबसे बड़ा काम होता है और संघर्ष भी करने पड़ते हैं। उन्होंने संघर्ष की लंबी दूरी तय करने के बाद यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि हम दोनों के बीच कुछ लोगों ने साजिश कर जो गलतफहमियां बनाई हुई थी। वह है खत्म हो चुकी है और आज वह अपने एक नए जीवन की शुरुआत करने जा रही हैं।

# शहीद निशांत शर्मा को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमर शहीद निशांत शर्मा के जन्मदिन पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मीठा शरबत व हलवा का वितरण भी किया।

सर्किट हाउस रोड के लेबर कॉलोनी स्थित बीडीएम पब्लिक स्कूल के निकट आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व शिक्षक नेता डॉ. अशोक मलिक ने कहा कि शहीद निशांत शर्मा से प्रेरणा लेकर देश के नौजवानों में देशहित में समर्पित व देश प्रेम की भावना कूट-कूट कर भर प्रेरित करना होगा। यही शहीद निशांत शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए सर्वप्रथम अपनी राष्ट्र सेवा होनी चाहिए। नौजवानों को शहीद निशांत शर्मा से प्रेरणा लेने की जरूरत है जो देश के लिए सीमाओं की रक्षा करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे अमर शहीदों के माता-पिता, भाई-बहनों व परिजनों पर गर्व है जो देश की रक्षा के लिए अपने सपूत को सीमा पर भेज देते हैं। इस अवसर पर श्रीमती रश्मि टैरेंस, समाजसेवी विनोद शर्मा, विवेक शर्मा, अभिषेक शर्मा, राहुल शर्मा, सनी तोमर, राजकुमार त्यागी, आयुष अग्रवाल, राजकुमार त्यागी, लुप्ति सिंह, अंकित शर्मा, श्रवण अधिकारी, अशोक कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सैंट मैरी एकेडमी के मैनेजर बने फादर जॉन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फादर मैनेजर जॉन का स्थानांतरण मुरादाबाद की तहसील कांट हो गया था उनकी जगह पर अब स्थानांतरण होकर मेरठ से फादर जॉन चिमन सेंट मैरी एकेडमी के मैनेजर के तौर पर सहारनपुर आए हैं।

फादर जॉन चिमन को छोड़ने मेरठ से 50 लोग आए थे वह मेरठ में बहुत लोकप्रिय फादर थे। फादर जॉन चिमन का स्वागत यूथ अध्यक्ष अलेक्स ने गुलदस्ता दिखा उनका स्वागत किया। इस मौके पर चर्च में प्रार्थना सभा हुई जिसमें फादर जॉन चिमन ने कहा कि मुझे बिशप ने मुझे सहारनपुर भेजा है।

मैनेजर बनकर और चर्च का पुरोहित बनाकर में हमेशा ईसाई समाज के लोगों के साथ खड़ा रहूंगा। उनके सुख-दुख में और सेंट मेरिज अकादमी के मैनेजर होने के नाते हमारे शहर के बच्चे और उनके अभिभावक उनका भी मान सम्मान स्कूल के अंदर पूरा किया जाएगा। अगर किसी को भी कोई परेशानी होती है तो अभिभावक स्कूल की प्रिंसिपल या मुझसे मिल सकते हैं।

इस मौके पर मेरठ से मैथ्यूज, सुमित, शालीन प्रिंस, सुनीता मार्केट जोसेफ, परवेज गिल, रमेश गिल, बाबरा, शैलजा, रानी , सिसिलिया, प्रमिला मसीह, एडविना, ईवा, शालिनी आदि मौजूद रहे।



**सम्पादकीय**

सोमवार, 16 जून 2025

# डब्ल्यू-डब्ल्यू 3 की आहट

क्या दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ बढ़ रही है। जिस तरह इजरायल व ईरान एक-दूसरे पर भयानक व विनाशकारी हमले कर रहे हैं और यह सिलसिला पिछले तीन दिन से लगातार जारी है, उसको देखकर यह आशंका प्रबल हो चली है कि यह संघर्ष तीसरे विश्वयुद्ध को जन्म दे सकता है। यह आशंका यूं ही नहीं है। एक तरफ जहां इजरायल के साथ अमेरिका सीना तानकर खड़ा है और पश्चिमी देश भी इजरायल को सहयोग करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ रूस, चीन, उत्तर कोरिया जैसे देश लामबंद होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि ऐसे देश भी हैं, जो दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं, लेकिन यह अपील कोई कारागर होती दिखाई नहीं दे रही है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इजरायल-ईरान संघर्ष को लेकर लगभग 50 मिनट की बातचीत भी टेलीफोन पर हो चुकी है, जिसमें दोनों नेताओं ने चिंता जताई और इस युद्ध पर कैसे लगाम लगाई जाए, इस पर चर्चा की है, लेकिन उसका नतीजा भी अभी तक जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है। युद्ध कितना भयावह हो चला है, इसका अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि ईरान व इरायल दोनों के बड़े शहरों में इस समय मौत का तांडव मचा है और चारों तरफ वहां आग ही आग और धमाके सुनाई दे रहे हैं। मिसाइलें ऐसे बरस रही हैं जैसे कोई आतिशबाजी हो रही हो। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मौजूदा हालात में जिस तरह का वातावरण बना है, उसके लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। ऐसे समय में जब अमेरिका व ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता चल रही थी और उस वार्ता का छठां दौर रविवार को होना था, उससे पहले ही ईरान पर हमले का कोई मतलब नहीं बैठता। यही कारण है कि कई जानकार लोग यह मानते हैं कि ईरान को बातचीत में उलझाकर बड़ी चालाकी के साथ ईरान पर हमला बोला और उसके कई वैज्ञानिक, सैन्य कमांडर सहित दर्जनों महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमले बोले। स्थिति कितनी विचित्र है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों से कई विरोधाभास पैदा कर रहे हैं। एक तरफ कहते हैं कि अगर ईरान को महाविनाश से बचना है, तो उसे परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करना ही होगा। नहीं तो उसका कुछ भी नहीं बचेगा। दूसरी तरफ कहते हैं कि अमेरिका का ईरान पर हमले से कोई लेना-देना नहीं है और वह ईरान को चेतावनी भी देते हैं कि वह अमेरिकी हितों पर हमला करने की गलती न करे। नहीं तो उसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। जबकि ईरान साफ कर चुका है कि जो भी इजरायल को समर्थन करेगा, वह भी उसको अपने दुश्मन के रूप में ही लेगा और उस पर सीधे सैन्य कार्रवाई करेगा। जाहिर है यह पूरा परिदृश्य विश्व पटल पर बड़ी भयावह तस्वीर पेश कर रहा है, क्योंकि भले ही देखने में यह संघर्ष ईरान व इजरायल के बीच हो रहा है, लेकिन अगर बात आगे बढ़ती है जो कि बढ़ती दिखाई भी दे रही है, तो यह पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। ऐसे में यह पूरी दुनिया की भी जिम्मेदारी बनती है कि मध्य पूर्व में तनाव कम करने के लिए वह आगे आए, क्योंकि इस समय जिस तरह के हालात हैं, अगर यह यहां नियंत्रित नहीं होते तो चीजें हाथ से निकल भी सकती हैं।

## हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे



केंद्र की मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है, पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था, आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं, मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे, कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे, मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ, उरी में हमला किया, तो सर्जिकल स्ट्राइक किया, पुलवामा किया , तो हमने एयर स्ट्राइक किया, पहलगाम में हमला किया तो ऑपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया, जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

**-अमित शाह**
**केंद्रीय गृहमंत्री**

# इस्लामी इतिहास का एक महत्वपूर्ण पर्व है ईद-ए-गदीर





कमर अब्बास

दुनिया के तमाम इलाही मजाहिब, एक परवरदिगार के अलावा किसी की इबादत करने को गुनाह करार देते हैं। तमाम मजाहिब में इलाही कानून को समझाने के लिए मुखतलिफ शख्सियात का जिक्र तारीखी किताबों में मिलता है जिन्होंने उस मजहब के कानूनों के मुताबिक जिन्दगी गुजार कर अपने वक्त और आने वाले वक्त के आम इंसानों के लिए राहे अमल तैयार की। इस्लाम में ऐसी शख्सियात की फेहरिस्त में सबसे अव्वल और आलातरीन नाम हुजूर मुहम्मद मुस्तफा (स.) का है जिन्होंने अरब के अंधेरे को ताकयामत दिन के उजाले में तब्दील कर दिया। अरब में फैली तमाम जहालत को दूर करके, इल्म और अमल की बाकमाल ताकत से दुनिया को आशना कराया। इस फेहरिस्त में दूसरा नुमायां नाम हजरत अली का है जिन्होंने हुजूर के ऐलान यह नबुव्वत से पहले ही आपकी गोद में परवरिश पाई और इस्लामी कानूनों के अमल को ना सिर्फ दुनिया में उरूज पाते देखा बल्कि उस परवाज का हिस्सा भी रहें। हुजूर (स.) से आपकी नजदीकी का यह आलम था कि हुजूर (स.) ने खुद को शहरे इल्म और अली को उस शहर का दरवाजा करार दिया यानी जिसे हुजूर स. के इल्म तक पहुंचना है उसे दरवाजे यानी अली से होकर गुजरना होगा। इसी तरह एक और जगह हुजूर स. ने खुद को और अली को एक ही नूर के दो टुकड़े करार दिया।

इस नजदीकी का नुकता यह कमाल, हुजूर स. की जिन्दगी के पहले और आखिरी हज से वापसी के दौरान मैदान यह खुम में दिया गया खुतबा है जिसमें आप ने हाजी सहाबियों की कसीर तादाद के सामने अल्लाह की हम्द के बाद अपनी हैसियत बयान की फिर वहां मौजूद तमाम लोगों से अपनी सरपरस्ती, हुकूक ओ विलायत का इकरार लिया। हाजरीन ने अली को मुबारकबाद पेश की और उनकी विलायत का इकरार किया। इस मौके को गदीर ए खुम के नाम से जाना जाता है। इस तारीख को लिखने का सबब जहां एक तरफ 18 जिल्हिज को यौमे गदीर को ईद-ए-गदीर के तौर पर याद करते हुए आप सब को मुबारकबाद पेश करना है वहीं दूसरी तरफ यह भी याद दिलाना है कि इस्लाम की इन दोनों आलातरीन शख्सियात ने हम्द यह खुदा के साथ-साथ इल्म और अमल की कसरत से तालीम दी है। दोनों की बशरी जिन्दगी जहां एक तरफ इंसानियत की खिदमत को अव्वलतरीन दर्जा देती है वहीं दूसरी तरफ जुल्म और बातिल की खुली मुखालफत को भी पहला फर्ज करार देती है।

इस्लाम का बुनियादी कलमा ला यानी इंकार से शुरू होता है जो किसी भी झूठ की खुली मुखालफत है। इसी ला की वजह से आप दोनों और आपकी नस्लों ने बेशुमार परेशानियों और मजालिम का सामना किया लेकिन कभी बातिल से दोस्ती तो दूर कभी राजी भी नहीं हुएं। ऐसी शख्सियात को जिन्दगी का रोल मॉडल मानने का दावा करने वाली कौम के चमकते चेहरे माने जाने वाले लोग आज बातिल से ना सिर्फ राजी हैं बल्कि उससे दोस्ती को फख्र का सबब समझने लगे हैं। बातिल की तमाम निशानियां जैसे तड़क भड़क का दिखावा, गरीबों और कमजोरों पर जुल्म, कुफ्र की ताकतों की तारीफ, दौलत को ईमान पर तरजीह देना, जिस्मानी मेहनत को कमतर समझना, झूठी तारीफों से खुश होना वगैरह, आज कौम में आम हो चुकी हैं। इसलिए ईद ए गदीर मनाते हुए हम सब अपने अपने गिरेबान में झांककर ईमानदारी से वो सिफात तलाश करें जो इस्लाम की आलातरीन शख्सियात ने अपने चाहने वालों में होने को वाजिब बताया है और अगर कोई कोताही पाएं तो उसे दूर करके उन सिफात को अपनी जिन्दगी में उतारने की कोशिश करें वरना याद रखिए यह ईद भी रस्म होगी और आने वाला मुहर्रम भी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बातिल के सामने न झुकने का पर्व है ईद-ए-गदीर

इस्लाम धर्म के इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हुई हैं, जिनका व्यापक प्रभाव मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक दिशा में पड़ा है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण घटना है ईद-ए-गदीर, जिसे शिया मुसलमान बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद (स.अ.) द्वारा अपने चचेरे भाई और दामाद हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह घटना इस्लामी इतिहास की सबसे निर्णायक घटनाओं में से एक मानी जाती है।

**गदीर का ऐतिहासिक प्रसंग**

गदीर एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है जलाशय या तालाब। गदीर-ए-खुम वह स्थान है जहां यह ऐतिहासिक घटना घटी। हिजरी 10वीं वर्ष (632 ई.) में हज के अवसर पर, पैगम्बर मोहम्मद (स.अ.) ने अंतिम हज (हजतुल विदा) किया। जब वह मक्का से लौट रहे थे, तो गदीर नामक स्थान पर (जो मक्का और मदीना के बीच स्थित है) उन्होंने एक बहुत बड़ा जनसमूह एकत्र किया। यह लगभग 1,20,000 लोगों की भीड़ थी। इस जनसमूह के सामने उन्होंने एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसे खुत्बा-ए-गदीर कहा जाता है। इसी भाषण में उन्होंने हजरत अली का हाथ उठाकर कहा घोषणा की। यह घोषणा केवल आत्मीयता या निकटता का प्रतीक नहीं थी, बल्कि एक आधिकारिक उत्तराधिकार का स्पष्ट संकेत था। इस घोषणा के बाद पैगम्बर ने हजरत अली का हाथ उठाया और उन्हें नेतृत्व सौंपा।

**हजरत अली का व्यक्तित्व**

हजरत अली न केवल पैगम्बर के दामाद थे, बल्कि वह एक महान योद्धा, न्यायप्रिय खलीफा, विद्वान और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके कथन और कार्य आज भी न्याय, ईमानदारी, और नेतृत्व के प्रतीक माने जाते हैं।

**ईद-ए-गदीर का वर्तमान संदर्भ**

आज जब दुनिया में धार्मिक मतभेद और सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहे हैं, ईद-ए-गदीर का संदेश हमें एकता, नेतृत्व में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व एक प्रेरणा है कि समाज में नेतृत्व योग्यता, चरित्र और ईश्वर की मरजी के अनुसार चुना जाना चाहिए। ईद-ए-गदीर, विशेष रूप से शिया मुसलमानों के लिए, एक बहुत ही बड़ा धार्मिक पर्व है। यह दिन-

1. इमामत की स्थापना का दिन है।
2. नेतृत्व की आधिकारिक घोषणा का दिन है।
3. विलायत (नेतृत्व) और तौहीद (एकेश्वरवाद) के परिप्रेक्ष्य में एकता का संदेश देता है।

(एस. आर. ज़ैदी)

# राफेल गिराने का दावा, डसॉल्ट ने पाक को लताड़ा

**भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने ११ मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है।**



अक्षत श्रोत्री

शायद कोई ही ऐसा दिन जाता होगा जब दुनिया भर में पाकिस्तान अपनी बेइज्जती ना करवाता हो। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। डसॉल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे को खारिज कर दिया है कि पिछले महीने हुए संघर्ष के दौरान भारत ने राफेल जेट खो दिए थे, उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद ने जो कहा वह ष्गलतष है। डसॉल्ट एविएशन राफेल जेट बनाती है, जो भारतीय वायु सेना का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान है।

फ्रांसीसी पत्रिका चैलेंजेस से बात करते हुए ट्रैपियर ने पाकिस्तान के इस दावे का खंडन किया कि 7-10 मई को भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष के दौरान तीन राफेल जेट विमानों को मार गिराया गया था। टकराव के दौरान भारत के कम से कम एक राफेल के नुकसान के बारे में रिपोर्ट के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, ट्रैपियर ने कहा, भारतीयों ने संवाद नहीं किया है, इसलिए हमें ठीक से नहीं पता कि क्या हुआ। हम पहले से ही जानते हैं कि पाकिस्तानी जो कह रहे हैं वह गलत है। उन्होंने हवाई युद्ध के परिणामों पर परिप्रेक्ष्य जोड़ते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी सैन्य मिशन की सफलता का आकलन केवल क्षति की अनुपस्थिति से नहीं किया जा सकता। जब आप लड़ाकू विमान उड़ाते हैं, तो आप एक मिशन को अंजाम दे रहे होते हैं।

मिशन की सफलता शून्य नुकसान नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरा होना है। डसॉल्ट के सीईओ ने एक ऐतिहासिक समानता बताई द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, यह नहीं कहा गया था कि मित्र राष्ट्र इसलिए युद्ध हार गए क्योंकि उन्होंने अपने सैनिक खो दिए थे। ट्रैपियर ने कहा, हम देखेंगे कि क्या कोई नुकसान हुआ और क्या युद्ध के उद्देश्य पूरे हुए। जब सच्चाई सामने आएगी तो कुछ लोग हैरान हो सकते हैं। इस्लामाबाद ने पहले दावा किया था कि उसने 7 और 10 मई को छह भारतीय विमानों को मार गिराया था। यह शत्रुता भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद शुरू हुई थी, जिसमें पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

भारत ने अभी तक ऑपरेशन के दौरान विमानों के नुकसान का विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है। हालांकि, एयर मार्शल ए.के. भारती, महानिदेशक एयर ऑपरेशन्स ने 11 मई को प्रेस ब्रीफिंग में इसी तरह के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने मिशन की सफलता पर जोर देते हुए कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। हारना युद्ध का ही एक हिस्सा है। भारती ने कहा, आपको यह सवाल पूछना चाहिए कि क्या हमने आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने का अपना उद्देश्य हासिल कर लिया है। इसका उत्तर स्पष्ट रूप से हां है। भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए चौहान ने पाकिस्तान के दावों को बिल्कुल गलत बताया। हालांकि उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि संघर्ष के शुरुआती दौर में भारतीय जेट विमान गिराए गए थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने या उनमें राफेल शामिल थे या नहीं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या राफेल अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक है, तो ट्रैपियर ने लड़ाकू जेट की विश्वसनीयता पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखा। ष्मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है, एफ-35 से बेहतर है और बाजार में मौजूद सभी चीनी विमानों से कहीं बेहतर है। माना कि एफ-22 जैसे विमानों के साथ सीधे मुकाबले में राफेल को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने इसकी बहुमुखी प्रतिभा पर जोर दिया। यह कहना हमेशा जटिल होता है कि हम पूर्ण रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मैं ईमानदारी से सोचता हूं कि हम समझौता करने में सर्वश्रेष्ठ हैं। मान लीजिए कि आप एक ऐसा विमान चाहते हैं जो हवा से हवा में मिशन, टोही, हवा से जमीन पर हमला, परमाणु मिशन और विमानवाहक पोत पर चढ़ने में सक्षम हो। उस स्थिति में, मुझे लगता है कि राफेल वास्तव में दुनिया का सबसे अच्छा विमान है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एआई के सामने क्या भारत का सरकारी तंत्र तैयार है





फहीम तन्हा

आज जब पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानि एआई की नई क्रांति की ओर बढ़ रही है, भारत भी इस दौड़ में पीछे नहीं है। बड़े शहरों में तो स्टार्टअप, तकनीकी संस्थान और कॉर्पोरेट ऑफिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जादू को अपने काम का हिस्सा बना रहे हैं। चैट-जीपीटी और ग्रोक जैसे टूल्स और मशीन लर्निंग आधारित एप्लिकेशन दिन-प्रतिदिन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। दुनियाभर में ओपन एआई ने चैट-जीपीटी और एक्सएआई ने ग्रोक जैसे बहुत रोचक, रोमांचक एआई टूल दे दिए हैं, जो हर समस्या का समाधान सुझाने के लिए प्रसिद्धी पा रहे हैं, लेकिन क्या यही बदलाव देश के ग्रामीण इलाके, किसान, सरकारी कर्मचारी और शिक्षकों तक पहुंच रहा है या एआई केवल शहरों का ही फेमस शो बनकर रह जाएगा? यह सवाल बहुत बड़ा है क्योंकि भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी गांवों में रहती है और इनके बिना भारत का विकास पूरा नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत में अभी भी कई मूलभूत समस्याएं जमी हुई हैं। बिजली की अनियमितता, कमजोर इंटरनेट कनेक्शन, कम डिजिटल साक्षरता और पुराने प्रशासनिक सिस्टम। ऐसे में जब देश एक डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में प्रवेश कर रहा है, तो क्या यह लाखों गांव, छोटे कस्बे और सरकारी दफ्तर इसकी जटिलताओं को समझ और अपना सकते हैं?

कहा जा सकता है कि सरकार बड़े उत्साह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अथवा कृत्रिम बुद्धिमता आधारित योजनाएं और नीतियां पेश कर रही है पर उनका जमीनी क्रियान्वयन, खासकर गांवों में, फिलहाल संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। उदाहरण के लिए, भारत में अब भी लगभग 40 फीसदी ग्रामीण इलाकों में तेज इंटरनेट उपलब्ध नहीं है। सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर की संख्या बेहद कम है, और उनमें भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। ऐसे हालात में ।प्की शिक्षा और उसका इस्तेमाल कठिन है।

**ऐसे मिलेगा किसानों को फायदा**

किसानों के लिए एआई यानी इस कृत्रिम बुद्धिमता में अपार संभावनाएं हैं, जैसे बेहतर फसल पूर्वानुमान, स्मार्ट सिंचाई, मिट्टी का विश्लेषण, और कीट नियंत्रण के डिजिटल समाधान, लेकिन ज्यादातर किसान न तो स्मार्टफोन के नियमित उपयोगकर्ता हैं और न ही एआई से जुड़े एप्लिकेशन की समझ रखते हैं। भारत में 70 फीसदी से अधिक किसान 10वीं कक्षा से भी कम पढ़े-लिखे हैं, जो डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल में बाधा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को स्थानीय भाषाओं में और सरल तरीके से किसानों तक पहुंचाना नितांत आवश्यक है, नहीं तो यह तकनीक उनके लिए दूर की कौड़ी ही रहेगी।

सरकारी तंत्र भी एआई अपनाने में अभी काफी पीछे है। आज भी सरकारी विभागों में फाइलों का पहाड़ और मैन्युअल कामकाज चलता है। कई बार नई तकनीकें लागू होने के बावजूद कर्मचारियों को उनकी पूरी ट्रेनिंग नहीं मिल पाती। डिजिटल गवर्नेंस तभी सफल हो सकती है जब प्रशासन के हर स्तर पर लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल टूल्स का सही ज्ञान और प्रयोग करना आए। शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई की पहुंच सीमित है। जहां बड़े शहरों के तकनीकी संस्थान कृत्रिम बुद्धिमता के बारे में छात्रों को आधुनिक शिक्षा दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण स्कूलों में यह एक सपना जैसा है। नई शिक्षा नीति NEP 2020 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात हुई है पर सरकारी स्कूलों में अभी भी डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों की भारी कमी है। बिना आधारभूत डिजिटल शिक्षा के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई व्यर्थ होगी।

एआई के बढ़ते प्रभाव से नौकरियों को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। अनुमान है कि आने वाले दशक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑटोमेशन कई पारंपरिक नौकरियां खत्म कर सकता है, खासकर डाटा एंट्री, क्लर्क, कॉल सेंटर जैसे काम। यह चिंता योग्य है, क्योंकि भारत में लाखों लोग ऐसे कामों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, डेटा प्राइवेसी और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दे भी गांव के आम लोगों के लिए नए और समझ से बाहर हैं। इसको आप इस तरह भी समझ सकते हैं कि इस लेख को तैयार करने में भी एआई टूल चौट-जीपीटी की काफी मदद ली गई है।

**कुछ अहम कदम उठाने होंगे जरूरी**

अगर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सफलतापूर्वक भारत के हर हिस्से में फैलाना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता और प्रशिक्षण अभियान जरूरी हैं। यह अभियान स्थानीय भाषाओं में होना चाहिए ताकि हर कोई इसका फायदा समझ सके। सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और किसानों को एआई के फायदों और सीमाओं की जानकारी देना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा को प्रयोगात्मक और व्यवहारिक बनाना होगा ताकि छात्र इसे सिर्फ पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि जीवन में इस्तेमाल कर सकें।

यह भी जरूरी है कि एआई की नीति बनाते समय सिर्फ तकनीकी विशेषज्ञ ही नहीं बल्कि सामाजिक वैज्ञानिक, ग्रामीण प्रतिनिधि और आम जनता की भी राय ली जाए। इससे नीति ज्यादा प्रभावी और समावेशी बनेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत के विकास के लिए एक बड़ी शक्ति हो सकती है, बशर्ते हम इसे पूरे देश के लिए बराबर अवसर के साथ उपलब्ध कराएं। सिर्फ शहरों और बड़े उद्योगों तक सीमित रहने पर यह तकनीक नई सामाजिक और आर्थिक असमानताएं पैदा कर सकती है।

इसलिए कृत्रिम बुद्धिमता की इस नई लहर को हर भारतीय के लिए एक अवसर बनाना होगा, न कि एक खतरा। इसके लिए हमें न केवल बुनियादी डिजिटल अवसंरचना मजबूत करनी होगी, बल्कि शिक्षा, प्रशिक्षण और सरकारी प्रशासन को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुकूल बनाना होगा। तभी इस संक्षिप्त एआई के नाम से मशहूर हो चुकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वादा पूरा हो सकेगा और भारत एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बन सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बड़े एक्शन की तैयारी में इजरायल

# ईरान-इजरायल में संघर्ष चरम पर

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजरायल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है।

इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजरायल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 13 इजरायली मारे गए हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। इजरायल के हाइफा शहर के बाजान तेल रिफाइनरी सेंटर को भी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने कहा है कि अगर इजरायल हमले रोक लेता है तो ईरान भी रोक देगा। हालांकि इस पर इजरायल की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।



■ मिलिट्री लोकेशन खाली करें ईरानी नागरिकः इजरायल

■ ईरान ने इजरायल की हाइफा रिफाइनरी पर मिसाइल दागी

## इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोके अमेरिकाः इराक

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किए जाने का सख्त विरा.ध करता है। बयान में कहा गया है कि इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत दर्ज की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए इजरायल की ओर से उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गई।

## हजारों न्यूयॉर्कवासी ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ राष्ट्रपति विरोध प्रदर्शन में हुए शामिल

**न्यूयॉर्क।** हजारों न्यूयॉर्कवासी लगातार बारिश होने के बावजूद ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के खिलाफ शहर में आयोजित राष्ट्रव्यापी 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। पूरे न्यूयॉर्क में इस दिन 90 से अधिक 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई गई है, और पूरे देश में लाखों लोगों के 'राष्ट्रव्यापी अवज्ञा दिवस' में शामिल होने की उम्मीद है। शनिवार को 'नो किंग्स' वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन अधिनायकवाद, अरबपति केन्द्रित राजनीति और लोकतंत्र के सैन्यीकरण को अस्वीकार करने के लिए आयोजित किया गया है। अकेले न्यूयॉर्क में मैनहट्टन, क्वींस, ब्रुकलिन और स्टेटन द्वीप में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। विशेष रूप से, हजारों प्रदर्शनकारी मैडिसन स्क्वायर पार्क की ओर शांतिपूर्ण मार्च करने से पहले ब्रायंट पार्क और फिफ्थ एवेन्यू के आसपास एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प प्रशासन की निंदा करते हुए विभिन्न तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# अमेरिका समर्थित राहत केंद्र के पास गाजा में गोलीबारी

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा पट्टी में रविवार को एक राहत केंद्र के पास हुई गोलीबारी में आठ फलस्तीनियों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। यह राहत केंद्र इजरायल और अमेरिका के समर्थन से संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चश्मदीदों ने इस हमले के लिए इजरायली सेना को जिम्मेदार ठहराया है।

हालांकि, इजरायली सेना की ओर से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि रविवार तड़के रफा शहर में दो राहत केंद्रों की ओर भीड़ जा रही थी। तभी इजरायली सेना ने गोलियां चलाईं। राहत कार्यकर्ताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि इजरायल की नाक.बंदी और सैन्य अभियान की वजह से गाजा में भुखमरी की स्थिति बन गई है और अकाल का भी खतरा बढ़ गया है। गोलीबारी उन केंद्रों से कुछ सौ मीटर दूर हुई, जो गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं। इजरायल और अमेरिका इस संस्था के जरिए संयुक्त राष्ट्र की वितरण प्रणाली की जगह लाना चाहते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने इस नई वितरण प्रणाली को मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि यह मानवीय सिद्धांतों के खिलाफ है। पिछले एक महीने में जबसे ये राहत केंद्र शुरू हुए हैं, इनके पास रोजाना गोलीबारी की घटनाएं हो रही हैं। चश्मदीदों का कहना है कि इजरायली सेना बार-बार इन केंद्रों की ओर जा रही भीड़ पर गोलीबारी करती है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं। इजरायली सेना का कहना है कि वह सिर्फ चेतावनी देने के लिए गोली चलाती है, जब कोई संदिग्ध व्यक्ति उनके सैनिकों के करीब आता है।

■ आठ फलस्तीनियों की मौत, दर्जनों लोग घायल

## संक्षिप्त समाचार

### चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीज़ा छूट की सुविधा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवम्बर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जायेगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

### नेपाल में पुल ढहने से तीन लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वी नेपाल में शनिवार को एक निर्माणाधीन पुल ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानक.ारी दी। उन्होंने बताया कि पुल शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे ढह गया जिससे छह मजदूर घायल हो गए। पुल का निर्माण पंचथर और तापलेजंग जिलों को जोड़ने के लिए किया जा रहा था। पंचथर जिला पुलिस के प्रवक्ता रूपेश तमांग ने कहा कि तीन लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

### अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है। ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है, जिससे व्यापार विवाद तेज हो गया और यूरोपीय उत्पादकों ने इस फैसले से भारी नुकसान की चेतावनी दी है। यूरा.पीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने भी 26 मई को तब टिप्पणी की जब राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से बातचीत को बेनतीजा बताया था।

# नाईजीरिया में 100 लोगों को मौत के घाट उतारा

## सैकड़ों घायल, कई लापता, बंदूकधारियों ने कई परिवारों को घरों में बंद कर जिंदा जलाया

**अबुजा।** नाइजीरिया के नॉर्थ-सेंट्रल बेन्यू स्टेट के गुमा स्थित येलेवाटा में कम से कम 100 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सैकड़ों लोग घायल हैं और दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि यह हमला शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक हुआ।

घायलों को अब तक जरूरी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। एमनेस्टी के मुताबिक, इस सामूहिक हमले में हमलावरों ने गांव के कई परिवारों को उनके घरों में बंद करके जिंदा जला दिया। लोग इतने बुरी तरह जल गए, उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। बेन्यू पुलिस ने हमले की पुष्टि की है, लेकिन यह नहीं बताया कि हत्याएं किसने की और कितने लोग मारे गए हैं। स्थानीय लोगों ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि हमले में 100 से अधिक लोगों के मरने की आशंका है। बेन्यू में जमीन-पानी के लिए मुस्लिम-ईसाई लोगों में लड़ाई बेन्यू नाइजीरिया के मध्य बेल्ट में है, जिसके उत्तर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी है और दक्षिण में ज्यादातर ईसाई रहते हैं। दोनों समुदायों के बीच अक्सर जमीन और पानी के लिए लड़ाई होती है। जातीय और धार्मिक बंटवारे के कारण ये झगड़े और भी बदतर हो जाते हैं। खासकर जमीन को लेकर मुस्लिम और ईसाई चरवाहों और किसानों के बीच कॉम्पिटिशन है। चरवाहों को अपने मवेशियों के चरने लिए और किसानों को खेती के लिए जमीन की जरूरत होती है। किसान चरवाहों पर आरोप लगाते हैं कि वे मवेशियों को उनके खेतों में चराते हैं और फसल नष्ट कर देते हैं। चरवाहों का तर्क होता है कि ये जमीन चरागाह के रास्ते हैं, जिन्हें देश की आजादी के पांच साल बाद 1965 में पहली बार कानून बनने के बाद अधिकार मिला था। नाइजीरिया में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन और पानी के लिए अक्सर लड़ाई होती है। मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की पिछले महीने, नाइजीरिया के बेन्यू के ग्वेर वेस्ट जिले में हुए एक के बाद एक कई हमलों में संदिग्ध चरवाहों ने कम से कम 42 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अप्रैल में बेन्यू के पड़ोसी राज्य पठार में कम से कम 40 लोग मारे गए थे। शोध फर्म एसबीएम इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से अब तक बेन्यू में झड़पों ने 500 से अधिक लोगों की जान गई है और 22 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



■ मई में चरवाहों ने 42 लोगों की गोली मारकर हत्या की

# बमबारी के कारण ईरान की गैस रिफाइनरी में विस्फोट

## विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई

■ ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं

**तेहरान।** ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया।

एजेंसी ने कहा कि विस्फोट के कारण फजर जाम गैस रिफाइनरी के एक हिस्से में आग लग गई है, हालांकि अभी तक नुकसान की सीमा के बारे में कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा है कि ईरानी निष्क्रिय रक्षा और बचाव बल स्थिति को संभाल रहे हैं। यह हमला इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश भर के अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और सैन्य क्षमताओं को कमज़ोर करना था। ईरान ने हमलों के जवाब में शुक्रवार रात और शनिवार की सुबह को इजरायली ठिकानों पर रॉकेट से हमला किया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ के अनुसार हमलों के कारण तीन लोग मारे गए और 172 अन्य घायल हो गए।





तेल अवीव। गोलीबारी की चेतावनी देने वाले सायरन के दौरान एक आश्रय में बैठे इजरायली लोग।

# ट्रम्प खाड़ी देशों के हालात पर चिंतित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि 'इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इज़रायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा हमने लंबी बातचीत की। रूस यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रम्प ने कहा 'पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं-दोनों पक्षों से बड़ी संख्या में कैदियों की तुरंत अदला-बदली की जा रही है।' शनिवार को ट्रम्प का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



■ पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं

## पुतिन, ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर की चर्चा

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फोन पर मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की है। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी है। पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने शनिवार को कहा कि बातचीत 50 मिनट तक चली, यह सार्थक, ईमानदार और बहुत उपयोगी थी। उन्होंने कहा स्वाभाविक रूप से यह मध्य पूर्व में स्थिति के खतरनाक रूप से बिगड़ने पर केंद्रित थी। उन्होंने एक बयान में कहा कि पुतिन ने ईरान के खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा की और संघर्ष के संभावित बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुतिन ने संघर्ष को बढ़ने से रोकने के महत्व और संभावित मध्यस्थता प्रयासों में शामिल होने के लिए रूसी पक्ष की तत्परता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भी स्थिति को बहुत चिंताजनक मानते हैं। उन्होंने कहा कि रूसी और अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की पटरी पर लौटने की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। उशाकोव के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकारों की टीम ईरानी प्रतिनिधियों के साथ काम फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुतिन ने ट्रम्प को दो जून को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों द्वारा किए गए समझौतों के निष्पादन के बारे में भी जानकारी दी।

# ट्रम्प प्रशासन ने अप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाईः रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमे.रिका में हैं। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है। आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनों में हिंसा ने ट्रम्प प्रशासन को लॉस एंजेलिस क्षेत्र में नेशनल गार्ड के सदस्यों और सक्रिय-ड्यूटी मरीन भेजने के लिए मजबूर किया है, जबकि कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और अन्य स्थानीय अधिकारियों ने इसका विरोध किया है। फिलहाल, वाशिंगटन आईसीई एजेंटों की सुरक्षा करने और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सैन्य सदस्यों का उपयोग जारी रख सकता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने गुरुवार शाम फैसला सुनाया था कि ट्रम्प प्रशासन ने कैलिफोर्निया के नेशनल गार्ड को अवैध रूप से संघीय बना दिया है और संविधान का उल्लंघन किया है। इसके बाद नौवीं अमे.रिकी सर्किट अपील अदालत ने आपातकालीन स्थगन जारी कर दिया।



## वियतनाम में वुटिप तूफ़ान के कारण छह लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के किक्वांग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

# जमीन पर पटका-फिर घुटने से दबाई गर्दन

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी पर भारतीय की गैर इरादतन हत्या के आरोप लगे हैं। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने भारतीय मूल के इस युवक को पकड़कर जमीन पर पटका, फिर घुटने से उसकी गर्दन दबाई थी।

हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इसकी मौत हो गई। आस्ट्रेलिया के शहर एडिलेड के मोडबरी नार्थ में भारतीय मूल के निवासी 42 वर्षीय गौरव कुंदी रहते थे, कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उनकी मौत हो गई, इसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे सामने आया कि कुंदी की हालत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के दौरान बिगड़ी थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुता.बिक पुलिस अधिकारी ने घुटने से कुंदी की गर्दन दबाई थी। आस्ट्रेलिया मीडिया के मुताबिक रायस्टन पार्क में कुंदी को गिरफ्तार किए जाने का प्रयास किया गया था। दरअसल पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच झगड़ा होते हुए देखा था, जबकि यह उनकी पत्नी पत्नी अमृतपाल कौर थीं।

■ आस्ट्रेलिया में पुलिस ने की भारतीय की हत्या